नई दिल्ली, बुधवार 16 जुलाई 2025 ■ श्रावण मास कृष्ण पक्ष-06 ■ वर्ष : 29, अंक : 92 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 29 न्यून.23 haribhoomi.com




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## हाथ में तिरंगा आंख में आंसू

*भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की मां आशा शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर सुरक्षित लौटने पर रो पड़ीं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा सुरक्षित लौट आया है, मैं ईश्वर और आप सभी का शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने इस घटना को कवर किया। मैं भावुक हो गई, आखिरकार, मेरा बेटा कई दिनों बाद लौट आया। उन्होंने कहा, उत्साह अंतहीन है और हमें बहुत गर्व है। मेरे पास अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। लखनऊ के त्रिवेणी नगर इलाके में स्थित शुभांशु के पैतृक घर को रोशनी से सजाया गया है और घर के बाहर उनके उपनाम "शक्स" के पोस्टर लगे हैं। घर में शुभांशु के आने पर जश्न की तैयारी हो रही* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शुभांशु के धरती पर कदम रखते ही मां के छलके खुशियों के आंसू

# मंगल ही मंगल: धरती पर लौटा भारत का 'शुभ तारा'

- ▸▸ स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कैलिफोर्निया के तट पर दोपहर 3 बजे हुई
- ▸▸ रिकॉर्ड: पहली बार किसी भारतीय ने रखा था आईएसएस पर कदम
- ▸▸ शुभांशु ने 18 दिन अंतरिक्ष में बिताए फिर 23 घंटे की यात्रा कर धरती पर वापसी की
- ▸▸ चारों एस्ट्रोनॉट सोमवार की शाम 4:45 बजे आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे

एजेंसी ▸▸ कैलिफोर्निया

अंतरिक्ष के शोध में भारत का मंगल ही मंगल है। इसकी शुरुआत शुभांशु शुक्ला ने कर दी है। उन्होंने आईएसएस पर कदम रखकर पहले भारतीय होने का गौरव हासिल किया है। अब ये कदम बहुत तेजी से अंतरिक्ष के शोध में आगे बढ़ेंगे। 18 दिन अंतरिक्ष में रहकर मंगलवार को धरती पर लौटा भारत का 'शुभ तारा' यानी शुभांशु शुक्ला के कदम धरती पर पड़े तो सब कुछ मंगल ही मंगल हुआ और उनकी मां आशा शुक्ला के खुशियों के आंसू छलक आए। इससे पहले पूरा देश शुभांशु की मंगलमयी यात्रा के लिए प्रार्थना कर रहा था। शुभांशु शुक्ला सहित चारों एस्ट्रोनॉट करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की मंगलवार को दोपहर ▸▸ शेष पेज 5 पर

**17** अगस्त तक भारत लौट सकते हैं शुभांशु

उन्होंने 76 लाख मील की दूरी तय की



### एक अरब लोगों को शुभांशु शुक्ला ने प्रेरित किया: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं पूरे देश की तरफ से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से धरती पर लौटे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने अपनी मेहनत, साहस और नए रास्ते खोलने की भावना से एक अरब लोगों के सपनों ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में गया

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया था। शुभांशु ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 'रीलबाज' लड़कियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**संभल।** सोशल मीडिया पर अश्लीलता परोसने के आरोप में यूपी की संभल पुलिस ने तीन लड़कियों को गिरफ्तार किया है। इनके वीडियो शूट करने वाले कैमरामैन को भी गिरफ्त में लिया गया है। खुद इन 'रीलबाजों' के गांववालों ने पुलिस से शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने अश्लील वीडियोज का संज्ञान लेते हुए एक्शन लिया।

### अब सत्यापन के बाद ही तत्काल टिकट



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने हाल ही में तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव कर दिया है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट या एप पर आधार सत्यापन जरूरी हो गया। इसका मकसद टिकट बुकिंग में पारदर्शिता लाना और दलालों या फर्जी एजेंट्स की मनमानी पर रोक लगाना है। रेलवे का यह नियम लागू हो चुका है।

### मस्क की टेस्ला ने मुंबई में खोला पहला शोरूम



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में अपनी टेस्ला मॉडल वाई को लॉन्च कर दी है, टेस्ला ने मुंबई में अपना पहला शोरूम भी खोल दिया है, जो बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के आलीशान मेकर मैक्सिटी मॉल में स्थित है। टेस्ला जल्द ही गुरुग्राम और दिल्ली में अपने स्टोर ओपन करने की प्रक्रिया पर काम करेगी।

### तियानजिन की जमीन से 'आतंकवाद' पर भारत की चीन-पाकिस्तान को खरी-खरी...

# आतंकवाद के गुनहगारों को नहीं बख्शेगा भारत, चुनौती से कोई समझौता न करने के पक्ष में खड़ा हो एससीओ

■ *समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए भारत के विदेश मंत्री ने जोरदार अंदाज में उठाया पहलगाम आतंकी हमले का मुद्दा*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने मंगलवार को चीन की अध्यक्षता में तियानजिन में आयोजित की गई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का नेतृत्व किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान और उसके सदाबहार दोस्त चीन पर जमकर निशाना साधा।

जयशंकर ने कहा कि एससीओ की स्थापना 'आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ' जैसी तीन बुराइयों के खिलाफ लड़ने के लिए हुई थी। ऐसे में समूह के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी स्थापना के उद्देश्यों के प्रति ईमानदार बना रहे और आतंकवाद की चुनौती के खिलाफ किसी तरह का कोई समझौता न करने का पक्ष ले। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का भी पुरजोर अंदाज में उल्लेख किया। एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जयशंकर ने ▸▸ शेष पेज 5 पर



### आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

जानकारों की राय में जयशंकर का ये बयान पूर्व में समूह के रक्षा मंत्रियों की बैठक के अंत में जारी किए वाले संयुक्त घोषणापत्र के प्रारूप में पहलगाम हमले का उल्लेख न करने से नाराज होकर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर न करने की मंशा से शत-प्रतिशत मेल खाता हुआ दिखाई पड़ता है। जिसमें पुनः भारत ने पाकिस्तान और चीन के समक्ष आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति और उससे जुड़े इरादे बिना किसी लाग-लपेट के सख्त लहजे में साफ कर दिए हैं। राजनाथ के हस्ताक्षर न करने की वजह से एससीओ के रक्षा मंत्री की बैठक के बाद संयुक्त घोषणापत्र जारी नहीं किया जा सका था।

### ऑपरेशन सिंदूर से किया आतंकियों का खात्मा

मालूम हो कि पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 बेकसूर लोगों की पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट (लश्करे तैयबा का छद्म आतंकी संगठन) के आतंकियों ने निर्मम ढंग से हत्या कर दी थी। जिसमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का रहने वाला नागरिक शामिल था। भारत ने इसका जवाब 7 मई 2025 को पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकवादियों के कुल 9 ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई के जरिए दिया था। जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए। सीमा पर भारत की सतर्कता बरकरार है। ऑपरेशन सिंदूर पर भी अस्थायी विराम लगा हुआ है।

### चिंताजनक वैश्विक हालातों में हो रही बैठक

*जयशंकर ने समूह देशों से कहा कि हम एक ऐसे समय में मिल रहे हैं। जब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। बीते कुछ वर्षों में हमने कई संघर्षों, प्रतिस्पर्धा और दादागिरी की घटनाएं देखी हैं। आर्थिक अस्थिरता प्रत्यक्ष रूप बढ़ती हुई नजर आ रही है। वर्तमान में हमारे समक्ष एक चुनौती वैश्विक व्यवस्था को स्थिर बनाने, विभिन्न आयामों में जोखिम को कम करने और हमारे साझा हितों को चुनौती देने वाले पुराने खतरों पर ध्यान केंद्रित करने से जुड़ी हुई है।*

### आपसी सम्मान पर आधारित हो सहयोग


*उन्होंने कहा कि समूह देशों के बीच सहयोग आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और क्षेत्रीय अखंडता-संप्रभुता के सम्मान पर आधारित होना चाहिए। भारत ने स्टार्टअप, नवाचार से लेकर परंपरागत मेडिसिन और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए कई कदम उठाए हैं। हम लगातार सकारात्मक सोच और नए विचारों, सामूहिक भलाई की भावना के साथ काम करते रहेंगे। एससीओ के बीच सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए समूह देशों के बीच अधिक व्यापार, निवेश और आदान-प्रदान की आवश्यकता है। इसी से हम अगले स्तर तक पहुंचेंगे। कुछ तात्कालिक मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। चीन के बीआरआई का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा, एक विषय एससीओ क्षेत्र में भरोसेमंद आवागमन का है। जिसकी अनुपस्थिति आर्थिक क्षेत्र में सहयोग की गंभीरता को कमजोर करती है। वैश्विक नार्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) को बढ़ावा देने पर जयशंकर ने बल दिया और कहा कि हम इसे लगातार गति मिलने को लेकर आश्वस्त हैं।*

### अफगानिस्तान पर रखा भारत का पक्ष

*विदेश मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान एससीओ के पुराने एजेंडे से जुड़ा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय खासकर समूह देशों को अफगानिस्तान के विकास के मामलों के लिए कदम उठाने चाहिए। भारत इस दिशा में ऐसा ही करेगा। क्षेत्रीय स्थिरता की अनिवार्यता के अलावा यह अफगानिस्तान के आम लोगों की भलाई से संबंधित है। दुनिया आज बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रही है। ये राष्ट्रीय क्षमताओं का पुनर्वितरण नहीं है। लेकिन प्रभावी समूहों जैसे एससीओ के उभार को प्रदर्शित करता है। वैश्विक मामलों को आकार देने में हमारी भूमिका, क्षमता साझा एजेंडे को लेकर एक साथ आगे बढ़ने में है। जिसमें समूह के सभी देश एक मंच पर खड़े हो।*

### चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई विदेश मंत्री जयशंकर की मुलाकात

# राष्ट्रपति जिनपिंग ने शांति-स्थिरता के लिए एससीओ देशों से किया एक मजबूत सुरक्षा घेरा बनाने का आह्वान



■ *जयशंकर ने एक्स पर इस मुलाकात का एक फोटो साझा कर दी यह जानकारी*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 से जारी विवाद के पिछले साल 21 अक्टूबर 2024 को पूरी तरह से खत्म होने के लिए किए गए समझौते के बाद दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, कई महत्वपूर्ण कदम भी उठाए गए हैं।

इन सबके बीच मंगलवार को बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की एक मुलाकात हुई। जयशंकर ने खुद 'एक्स' पर इसकी तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'आज सुबह बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति शी जिनपिंग ▸▸ शेष पेज 5 पर

### बातचीत में दोनों के चेहरों पर मुस्कान

*एक्स पर चीन के राष्ट्रपति और भारत के विदेश मंत्री की मुलाकात की तस्वीर में दोनों के चेहरों पर मुस्कान खिली हुई है और वह आत्मीयता के साथ एक-दूसरे से मिल रहे हैं। जयशंकर के चेहरे पर ऊर्जावान आत्मविश्वास साफ देखा जा सकता है। जिसका श्रेय उन्होंने अपनी एक्स पोस्ट में एलएसी पर जारी विवाद की समाप्ति के लिए किए गए दोनों देशों के शीर्ष नेताओं (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग) के प्रयासों को दिया है। वहीं, जिनपिंग और जयशंकर की मुलाकात के बाद देश के कूटनीतिक गलियारों में एक बार फिर से इस बात को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे? जिसके जवाब के रूप में मिल रही प्रतिक्रिया में इस बात की संभावना जताई जताई जा रही है कि पीएम मोदी एससीओ शिखर बैठक में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर सकते हैं। जो तियानजिन में 30 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जा सकता है।*

### नोएडा के शख्स को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# सड़क पर नहीं, अपने घर में कुत्तों को खाना खिलाइए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को ही फटकार लगा दी। कोर्ट ने शख्स से पूछा कि आप उन्हें अपने घर में क्यों नहीं खिलाते? जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की। बेंच ने कहा कि क्या हम हर गली और सड़क को इन पशु प्रेमियों के लिए छोड़ दें? हर जगह जानवरों के लिए जगह है, इंसानों के लिए नहीं? कोई आपको रोक तो नहीं रहा है, आप चाहें तो उन्हें अपने घर में खिलाएं। याचिका उस आदेश से जुड़ी थी जो मार्च 2025 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दिया था। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### यमन से आई भारत के लिए राहत की बड़ी खबर

# टल गई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को होने वाली फांसी

■ *भारत सरकार की कवायद के बीच रंग लाए सूफी नेता-विद्वान कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के प्रयास*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



मंगलवार को भारत के लिए यमन से राहत भरी एक अहम खबर सामने आई। जिसमें यह पता चला कि केरल के पलक्कड़ की रहने वाली 38 वर्षीय भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बुधवार, 16 जुलाई को यमन में होने वाली फांसी फिलहाल टल गई है। जिसके पीछे बीते कुछ वक्त से जारी भारत सरकार की कोशिशों के बीच 94 वर्षीय सूफी नेता व विद्वान कंथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के प्रयासों को बड़ी वजह माना जा रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। जिसमें 15 जुलाई को सूफी विद्वान, सूफी नेता शेख हबीब उमर बिन हाफिज के प्रतिनिधियों और यमन के नागरिक ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल कल दिल्ली में ग्रहण करेंगे पुरस्कार

# हरियाणा के लिए गर्व का क्षण: करनाल और सोनीपत को स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में करनाल और सोनीपत को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। 17 जुलाई को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल विभिन्न श्रेणियों के तहत पुरस्कार वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए सम्मान प्राप्त करेंगे। गोयल ने बताया कि करनाल को देश के शीर्ष 15 स्वच्छ शहरों में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है जो प्रदेश के लिए के गौरव का विषय है। इसके अलावा सोनीपत को स्वच्छता के लिए मिनिस्टीरियल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए स्वच्छ भारत मिशन को धरातल पर उतारने के लिए हरियाणा सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता और नवाचारपूर्ण प्रयासों का परिणाम है। हरियाणा सरकार द्वारा 2025–26 के बजट में सभी नगरपालिकाओं ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भविष्य की सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निर्वहन क्षमता को 235 क्यूसेक तक बढ़ाया जाएगा

# चरखी दादरी में बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी के पुनर्निर्माण के लिए 41.30 करोड़ रुपये की राशि को दी मंजूरी

■ **किसानों और गांवों के लिए सिंचाई, तालाब पुन:पूर्ति और पेयजल उपलब्धता में सुधार हेतु परियोजना**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चरखी दादरी जिले में बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी के पुनर्निर्माण के लिए 41.30 करोड़ रुपये की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। सरकार की तरफ से मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी चरखी दादरी जिले में स्थित एक सिंचाई नहर है। यह वृहद लोहारू नहर प्रणाली का एक हिस्सा है। यह परियोजना 31 दिसंबर, 2026 तक पूरा होने की संभावना है। इसका उद्देश्य सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाना, पर्याप्त तालाब भरना सुनिश्चित करना और किसानों तथा अन्य लाभार्थियों के लिए पेयजल की उपलब्धता में सुधार करना है। प्रस्ताव के एक भाग के रूप में, भविष्य की सिंचाई मांगों को पूरा करने के लिए वितरक की निर्वहन क्षमता को बढ़ाकर 235 क्यूसेक किया जाएगा। डिस्ट्रीब्यूटरी बधवाना के गांव इमलोटा, कन्हेटी, मोरवाला, सरूपगढ़, सटोर, भागवी, समसपुर, ढाणी फोगाट, टिकन कलां, घसोला, कलियाणा, मंडोला, कलाली, बलाली, दुधवा और आसपास के गांवों को सिंचाई और पीने के लिए पानी उपलब्ध कराती है। इस चैनल का निर्माण 1971-72 के ▸▸ शेष पेज 5 पर

### विमान दुर्घटना जांच शाखा की प्रारंभिक रिपोर्ट में खुलासे के बाद उठाया यह कदम

# सभी बोइंग विमानों के फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की जांच के निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत के नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में संचालित होने वाली सभी एयरलाइंस को बोइंग विमानों के फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की जांच करने का आदेश जारी किया है। यह निर्देश हाल ही में हुए एयर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान हादसे के बाद आया है, जिसमें 260 लोगों की मौत हो गई थी। डीजीसीए ने एयरलाइंस को 21 जुलाई तक यह जांच पूरी करने और रिपोर्ट सौंपने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सकते में है विमानन उद्योग

पिछले महीने 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट, बोइंग ड्रीमलाइनर, टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस हादसे में 242 यात्रियों और चालक दल के 241 लोग मारे गए, जबकि जमीन पर 19 लोगों की भी मौत हुई। भारत की विमान दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि टेकऑफ के तीन सेकंड बाद ही विमान के दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच 'रन' से 'कटऑफ' स्थिति में चले गए, जिसके कारण इंजनों को ईंधन की आपूर्ति रुक गई और विमान में जोर (थ्रस्ट) की कमी के चलते वह नीचे गिर गया।रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कॉकपिट में मौजूद एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने फ्यूल स्विच क्यों बंद किया, जिसका जवाब था कि उसने ऐसा नहीं किया। इस घटना ने फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं।

### एयर इंडिया की प्रतिक्रिया

*एयर इंडिया ने हादसे के बाद अपने बोइंग 787 और 737 विमानों के फ्यूल स्विच लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच शुरू कर दी हए। एयर इंडिया ने अपने आधे से अधिक 787 ड्रीमलाइनर और लगभग सभी 737 विमानों की जांच पूरी कर ली है, और अब तक कोई खामी नहीं पाई गई है। जांच अगले एक-दो दिनों में पूरी होने की उम्मीद है।*

### विशेषज्ञों की राय

*विमानन विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों फ्यूल स्विच का एक सेकंड के अंतराल में 'कटऑफ' स्थिति में चले जाना असामान्य है। विमानन विशेषज्ञ जॉन नैन्स ने कहा कि एक पायलट सामान्य परिस्थितियों में उड़ान के दौरान, खासकर टेकऑफ के समय, स्विच को बंद नहीं करेगा। वहीं, विशेषज्ञ एंथनी ब्रिकहाउस ने सवाल उठाया कि यदि पायलट ने स्विच को जानबूझकर बंद किया, तो इसका कारण क्या था? कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि भारी कंपन या टर्बुलेंस के कारण, यदि लॉकिंग मैकेनिज्म पहले से ही खराब हो, तो स्विच गलती से हिल सकता है। हालांकि, ज्यादातर पायलटों का कहना है कि दोनों स्विच का एक साथ गलती से हिलना लगभग असंभव है, क्योंकि ये स्विच स्प्रिंग-लोडेड और स्टॉप लॉक से सुरक्षित होते हैं। बहरहाल, विमान हादसे की मिस्ट्री को सुलझाने की कोशिश की जा रही है।*

### ड्रोन की भी ली जायेगी मदद, जरूरत के हिसाब से मार्गों में किया गया परिवर्तन

# कावड़ यात्रा : पुलिस सुरक्षा के लिए पांच हजार से अधिक कर्मियों को करेगी तैनात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कावड़ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए 5,000 से अधिक दिल्ली पुलिस कर्मियों और अर्धसैनिक बलों की लगभग 50 कंपनियों (5000 से अधिक कर्मियों) को तैनात किया गया है तथा ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जिन प्रमुख रास्तों से कांवड़ियों के गुजरने की संभावना है, उन पर अतिरिक्त जांच शुरू की गयी है तथा जरूरत के हिसाब से मार्गों में परिवर्तन किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि तीर्थयात्रा 22 जुलाई तक जारी रहेगी और शिवरात्रि पर समाप्त होगी। हम अर्धसैनिक बलों और होमगार्ड के साथ समन्वय में हैं, जो सीसीटीवी निगरानी और ड्रोन गश्त के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्धारित कांवड़ शिविरों और मंदिर क्षेत्रों के लिए भी विशेष सुरक्षा उपायों की योजना बनाई गई है, जहां तीर्थयात्री क्रमशः विश्राम करेंगे और अनुष्ठान करेंगे।



अधिकारी के अनुसार, शहर भर में शिविर लगाने के लिए 774 स्थानों की पहचान की गई है और 374 कांवड़ शिविरों को पहले ही अनुमति दी जा चुकी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 150 से ज़्यादा अतिरिक्त शिविर अंतिम मंज़ूरी का इंतज़ार कर रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्य ध्यान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात को सुचारू रूप से चलाने और तीर्थयात्रियों को तत्काल सहायता प्रदान करने पर रहेगा। पीसीआर वैन, त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) और एम्बुलेंस को महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है। पुलिस का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-1, एनएच-9 जैसे प्रमुख मार्गों और बाहरी, उत्तर-पूर्व, पूर्वी और शाहदरा जिलों से गुजरने वाली प्रमुख सड़कों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पैदल और वाहनों में कांवड़ (गंगा जल से सजे बर्तन) लेकर आने वाले तीर्थयात्रियों को निर्धारित स्थानों से प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। अधिकारी ने कहा कि कांवड़ियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए, दिल्ली पुलिस ने उनके प्रवेश मार्गों की एक सूची जारी की है, जिसमें गाजीपुर बॉर्डर, आनंद विहार, भोपुरा, अप्सरा, महाराजपुर, लोनी बॉर्डर और आईएसबीटी कश्मीरी गेट शामिल हैं। वजीराबाद से भोपुरा, जीटी रोड और लोनी रोड जैसी विशिष्ट सड़कें भी प्रमुख कांवड़ मार्गों के रूप में काम करेंगी। प्रशासन ने नागरिकों से कांवड़ियों के आवागमन के लिए निर्धारित मार्गों से बचने की भी अपील की है।

आपातकालीन सेवाओं और आवश्यक वाहनों को सुगमता प्रदान की जाएगी और विशेष हेल्पलाइन शुरू की गई हैं। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी 15 जिलों के पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) को मौके पर मौजूद रहने और नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, विशेष रूप से आपात स्थिति से निपटने और भीड़ की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए।

## मुस्तफाबाद : स्वीट शॉप की दूसरी मंजिल से गिरकर व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** मुस्तफाबाद इलाके में मिठाई की एक दुकान की दूसरी मंजिल से कथित रूप से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सोमवार को मध्यरात्रि के आसपास हुई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि दुकान के बाहर 35 वर्षीय व्यक्ति सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा है। व्यक्ति की पहचान कल्याण के रूप में हुई है। उसे तुरंत जीटीबी (गुरु तेग बहादुर) अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक मिठाई की दुकान पर काम करता था। वह कैसे गिरा इसकी वास्तविक परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस/लाइन के खंड में मवेशियों (सीआरओ) द्वारा ट्रैक सुरक्षा की रोकथाम के लिए एनडीएलएस–एसबीबी खंड में किमी 0/26 से 03/28 के बीच सुरक्षा बाड (एंटी क्रैश बैरियर) का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.3,45,95,662.58/– (रुपये तीन करोड़ पैंतालीस लाख पंचानवे हजार छह सौ बासठ और अट्ठावन रूपये मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.3,23,000/– (रुपये तीन लाख तेईस हजार मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 04.08.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 20646203 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/02/2025–26/डब्यू–3 दिनांक : 14.07.2025**

**2126/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **तेजिंदर पाल सिंह पुत्रः** सरदार जोगिंदर सिंह **पताः** एस–4/74, ओल्ड महावीर नगर, तिलक नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 329/2016, U/s 419/420/120-B IPC थानाः आईजीआई हवाई अड्डा, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तेजिंदर पाल सिंह** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तेजिंदर पाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 329/2016, U/s 419/420/120-B IPC थानाः आईजीआई हवाई अड्डा, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तेजिंदर पाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री प्रणव जोशी
एसीजेएम–01, कमरा संख्या 02,
भूतल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/9106/IGIA/2025
(Court Matter)**

## दो बांग्लादेशी महिला अरेस्ट निर्वासन के लिये भेजी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के ऑपरेशन सेल ने दिल्ली कैंट से पकड़ा

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की ऑपरेशन सेल ने दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके निर्वासन की तैयारी शुरू कर दी गई है। पूछताछ में पता चला कि दोनों महिलाएं करीब दो साल पहले बॉर्डर क्रॉस करके अवैध तरीके से भारत में घुसी थी। सबसे पहले वह त्रिपुरा पहुंची थी। इनके डॉक्यूमेंट की पहचान सोशल मीडिया अकाउंट से हुई। मोबाइल में हिडन फोल्डर बनाकर उसमें डॉक्यूमेंट छुपाकर रखे गये थे।

पुलिस के अनुसार राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में ऑपरेशन सेल की टीम ने दो महिलाओं को पकड़ा है। जो अवैध रूप से यहां रह रही थी। इनके पास से पुलिस ने बांग्लादेशी डॉक्यूमेंट भी बरामद किये हैं। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान डोली बेगम और मरियम अख्तर के रूप में हुई है। दोनों बांग्लादेश के गोपालगंज और ढाका जिले की रहने वाली है। इन्हें बांग्लादेश वापस भेजने के लिए एफआरआरओ सेंटर भेजा गया है। पुलिस पूछताछ में इन्होंने बताया कि वह दो साल पहले बॉर्डर क्रॉस कर त्रिपुरा पहुंची थी। वहां से फिर हाउस कीपिंग की जॉब के लिए बेंगलुरु गई। उसके बाद फिर मुंबई में भी काम किया और अंत में फिर यह दिल्ली आई। इन्हें उस समय पकड़ा गया जब यह द्वारका इलाके में काम की तलाश में जा रही थी।

## सेंट स्टीफंस कॉलेज और द्वारका स्थित स्कूल को बम की धमकी

नई दिल्ली। सेंट स्टीफंस कॉलेज और द्वारका के सेंट थॉमस स्कूल को मंगलवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई। सूचना के बाद तत्काल ही पुलिस ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर दोनों जगहों पर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। कई घंटे चले तलाशी अभियान के बाद भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस के अनुसर दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और परिसरों की गहन तलाशी ली। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बंथिया ने कहा कि सेंट स्टीफन कॉलेज की ओर से कहा गया है कि कॉलेज को सुबह सवा सात बजे बम की धमकी मिली थी। पुलिस के एक बयान में बंथिया के हवाले से कहा गया कि मेल में लिखा था कि कॉलेज परिसर और पुस्तकालय में चार आईईडी बम और दो आरडीएक्स लगाए गए हैं। दोपहर दो बजे तक ये फट जाएंगे। इसके बाद मौरिस नगर थाने की पुलिस और अन्य एजेंसियों की टीमें घटनास्थल पर पहुंची और पूरे परिसर की घेराबंदी कर सघन जांच शुरू की गई। उन्होंने बताया कि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अग्निशमन विभाग को सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर सेंट स्टीफन कॉलेज में बम होने की सूचना मिली, जबकि सेंट थॉमस स्कूल से भी आठ बजकर एक मिनट पर बम की धमकी की एक और सूचना मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने कहा, हमने दमकल की कई गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी। जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## तमंचे से हवा में गोली चलाने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देसी तमंचे से हवा में गोली चलाते नजर आने वाला शख्स उत्तर-पूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से अवैध हथियार और कारतूस भी जब्त हुआ है। आरोपी शख्स का नाम सलमान उर्फ सल्लू (23) बताया गया है। वह कच्ची कर्दमपुरी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी को 12 जुलाई को कर्दमपुरी इलाके में जाल बिछाकर पकड़ा गया। इसके पास से एक देसी कट्टा और आठ कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने अपना कबूल किया कि वायरल वीडियो में गोली चलाने वाला वहीं था। सलमान ने इस बात का भी खुलासा किया कि उसे कहां से यह हथियार मिला था।

## नरेला का नाम बदलने के खिलाफ सांसद को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नरेला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को बचाए रखने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उस प्रस्ताव का विरोध किया, जिसमें नरेला का नाम बदलकर 'विंध्याचल' रखने की बात कही गई है। इसी को लेकर मंगलवार को नरेला विधायक राजकरण खत्री की अध्यक्षता में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मंडल ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। इसमें क्षेत्रवासियों की भावनाओं को प्रमुखता से उठाया गया। विरोध जताने वालों में खत्री लववंशी खाप के प्रधान रणबीर खत्री, पूर्व मनोनीत पार्षद योगेश कुमार, कांग्रेस (नरेला) ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र खत्री व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार खत्री मौजूद रहे।

### किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कहा कि नरेला केवल एक नाम नहीं, बल्कि यहां के लोगों की विरासत और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है।

नाम बदलने की कोई भी कोशिश जनता की भावना के खिलाफ है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि डीडीए तत्काल इस प्रस्ताव को रद्द करे और जनता की आवाज़ का सम्मान करते हुए नरेला की पहचान को यथावत बनाए रखे।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 7 से 16/2025** **प्रकाशन की तिथि : 15.07.2025**

आयोग एफएसएल, मधुबन, करनाल, हरियाणा सहायक निदेशक और वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों (ग्रुप–ए और बी) के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणी वार ब्रेक–अप निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. | पदों का नाम | सामान्य/ यूआर | एससी | | पिछड़ी श्रेणियां | | ईडब्ल्यूएस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ओएससी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी | | |
| 1. | 7/2025 | सहायक निदेशक (डीएनए) | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 2. | 8/2025 | सहायक निदेशक (लाइ–डिटेक्शन) | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 3. | 9/2025 | सहायक निदेशक (साइबर फोरेंसिक) | 05 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 06 |
| 4. | 10/2025 | सहायक निदेशक (टॉक्सीकॉलोजी) | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 |
| 5. | 11/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (साइबर फोरेंसिक) | 10 | 02 | 02 | 02 | 01 | 01 | 18 |
| 6. | 12/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (सीन ऑफ क्राइम) | 03 | 01 | 0 | 01 | 0 | 01 | 06 |
| 7. | 13/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (दस्तावेज) | 0 | 01 | 0 | 01 | 0 | 01 | 03 |
| 8. | 14/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी) | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 |
| 9. | 15/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (टॉक्सीकॉलोजी) | 03 | 01 | 01 | 01 | 0 | 01 | 07 |
| 10. | 16/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (एनडीपीएस) | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| | | कुल | 27 | 05 | 05 | 05 | 01 | 04 | 47 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 21.07.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 10.08.2025 अप. 05:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 10.08.2025 अप. 05:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 15.07.2025 हस्ता/– सचिव
संवाद–1156/13/336/2026/36635/88/7 दि. 15.07.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## तिहाड़ जेल में कैदी ने लगाई फांसी, मर्डर में था बंद

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी ने सुसाइड कर लिया। यह घटना जेल नंबर 3 के मेडिकल वार्ड में हुई। पुलिस ने मृतक रमेश के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया है। हरिनगर थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक आनंद पर्वत थाना एरिया में इसी साल दर्ज मर्डर के मामले में गिरफ्तार हुआ था। पहले वह जेल नंबर चार में था, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण उसे वहां से जेल नंबर तीन के मेडिकल वार्ड में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। कैदी ने खिड़की के सहारे फंदा लगाकर खुदकुशी की है। मामले में मजिस्ट्रेट जांच की जा रही है। यह घटना रविवार देर रात की बताई गई है।

## करोड़ों की चोरी में घरेलू सहायक सहित तीन अरेस्ट

### *सवा दो करोड़ के जेवर और 55 लाख कैश किया था चोरी*



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मॉडल टाउन इलाके में एक घर से 2.25 करोड़ के जेवर और 55 लाख रुपये कैश चोरी करने के आरोप में घरेलू सहायक सहित तीन लोगों को एएटीएस और लोकल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों को बिहार से पकड़ा गया। इनके पास से जूलरी और 15 लाख 20 हजार रुपये बरामद हो गये हैं। पुलिस बाकी कैश बरामद करने का प्रयास कर रही है। दो अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार मॉडल टाउन थाने में 27 जून को अनीता झुनझुनवाला की ओर से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनका घरेलू सहायक अरुण कुमार 55 लाख रुपये नकद और सोने, हीरे और चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गया है। मामला दर्ज कर जांच टीमें गठित की गई।

शिकायतकर्ता के आवास से जुटाए गए सीसीटीवी फुटेज में कुमार अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ एक बैग और एक ट्रॉली लेकर घर से निकलते हुए दिखाई दिया था। डिजिटल साक्ष्यों का पता लगाने और बिहार के बांका में छानबीन करने के बाद पुलिस ने 10 जुलाई को बुद्धिघाट गांव के पास एक जंगल से तीन आरोपियों विवेक कुमार (22), बीरेंद्र यादव (22) और पीयूष कुमार कापड़ी (29) को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के समय आरोपी चोरी की गई संपत्ति को आपस में बांट रहे थे। पूछताछ के दौरान तीनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया और बताया कि कुमार ने अपने गांव के पांच साथियों के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची थी। डीसीपी ने बताया कि अरुण कुमार ने पांच अन्य लोगों बीरेंद्र, कृष्णा, अजय यादव, महेश तांती (सभी उसके गांव के) और विवेक के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के घर से नकदी और आभूषणों की सुनियोजित चोरी को अंजाम दिया था।

सभी आरोपियों ने पहली बार अपराध को अंजाम दिया था और उन्होंने पुलिस को बताया कि जल्दी पैसा कमाने और एक शानदार जीवनशैली जीने के लालच में उन्होंने अपराध को अंजाम दिया। बरामद की गई वस्तुओं में सोने और हीरे के आभूषण जैसे हार, अंगूठियां, चूड़ियां और 40 से अधिक चांदी के बर्तन, एक सोने का बिस्कुट, चांदी की एक शीट और अन्य कीमती सामान शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि कुमार के बाकी साथियों का पता लगाने और चोरी की गई शेष संपत्ति बरामद करने के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस संदिग्धों के वित्तीय लेन-देन और बैंक खातों की भी जांच कर रही है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में टॉयलेट ब्लॉक (महिलाएं एवं पुरूष) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | 8.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398090875 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (ग्रुप-IV) के तहत (कार्य कार्यक्रम 2025-26) सिरसा जिले में ऐलनाबाद निर्वाचन क्षेत्र में 2 अदद रोड को चौड़ा करने, मजबूतीकरण पीसी / आईपीबी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. बारासारी से कुतियाना कि.मी. 0.00 से 3.04 तक रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 11572), 2. जमाल से पदमपुरा कि.मी. 1.29 से 5.30 तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण रोड आईडी 2509 (जीएसटी के बिना)। | 14.07.2025 24.07.2025 | 320.1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में सेक्टर-9 में 200 बिस्तर वाले सिविल हॉस्पीटल का निर्माण (नर्स कॉल सिस्टम का प्रावधान)। | 10.07.2025 18.07.2025 | 94.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला | परिसरों की सफाई और हाउसकीपिंग इत्यादि सेवाएं। | 11.07.2025 25.07.2025 | 12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416825252 gcwsamplainformation@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | सोंधी माइनर के आरडी 1998 पर कल्वर्ट का निर्माण (एमईटीएल डिपॉजिट वर्क)। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 64.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | संवर्धन कैनाल पर आरडी 56.150 कि.मी. पर फुट ब्रिज का निर्माण। | 10.07.2025 21.07.2025 | 124.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 7 | सिविल सर्जन, नारनौल | जिला नागरिक हस्पताल नारनौल 123001 के लिये ऑथो इम्प्लांट हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 14.07.2025 05.08.2025 | 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9467535835 dhs.csmhn@hry.nic.in |
| 8 | स्वास्थ्य विभाग, कैथल | इंज. एंटीहैमोफिलिक हेतु निविदा। | 16.07.2025 26.07.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 9 | स्वास्थ्य विभाग, पंचकूला | कम्पोस्टेबल गार्बेज बैग्स। | 16.07.2025 26.07.2025 | ईएमडी 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 10 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 35 मदों तक मदें निहित सूची (35 मदों का सिंगल लॉट)* | 15.07.2025 14.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 03 मदों तक मदें निहित सूची (03 मदों का सिंगल लॉट)* | 15.07.2025 14.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान, पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 24 मदों तक मदें निहित सूची (24 मदों का सिंगल लॉट)* | 15.07.2025 14.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में 10000-12000 लीटर जल टैंकर की खरीद के लिए निविदा। | 16.07.2025 27.07.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 14 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में एचवीएसी सेवाओं के सीएमसी हेतु निविदा। | 16.07.2025 18.08.2025 | 120 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | बिलोचपुरा (पेहोवा) - तालाब पर वॉकिंग ट्रैक का निर्माण + 6 कार्य। | 11.07.2025 28.07.2025 | 26.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 16 | जिला परिषद चरखी दादरी | गांव संतोर ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में उप-स्वास्थ्य केन्द्र (एसएचसी) का निर्माण + 1 कार्य। | 14.07.2025 21.07.2025 | 93.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenzilaparishadcharkhidadri@gmail.com |
| 17 | बागवानी, आलू प्रौद्योगिकी केन्द्र, शामगढ़, करनाल | 4 अदद नेट हाउसेज में प्लास्टिक ट्रफ्स और खरपतवार मैट की आपूर्ति और स्थापना। | 15.07.2025 18.08.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168696730 ptcshamgarh@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच–11/2026/340/36631/I/88/7 दि. 15.07.25

परिवहन व्यवस्था सुधारने के लिए मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक

# 60 हजार करोड़ के घाटे में चल रही डीटीसी का होगा कायापलट, प्रक्रिया शुरू : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की पूर्व सरकार की बदइंतजामी के कारण 60 हजार करोड़ के घाटे में चल रही दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को हर हाल में उबारकर उसे बेहतरीन परिवहन सेवा में बदला जाएगा यानी डीटीसी का कायापलट किया जाएगा। हमारी सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। दिल्ली की परिवहन व्यवस्था सुधारने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उच्चस्तरीय बैठक के बाद स्थिति को स्पष्ट करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने राजधानी के लोगों को बेहतरीन व विश्वस्तरीय परिवहन सेवा मुहैया कराने के लिए डीटीसी का कायापलट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस योजना के तहत जल्द ही स्मार्ट कार्ड जारी होंगे, डीटीसी की बसों के रूट नए तरह से निर्धारित किए जा रहे हैं, दिल्ली के अंतरराज्यीय बस अड्डों को अत्याधुनिक बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही बस क्यू शैल्टर (बस स्टैंड) को यात्रियों के लिए सुविधाजनक और हाईटेक बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से दिल्ली को विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन सुविधा से सुसज्जित करने का सपना शीघ्र साकार होगा। इस मसले को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को परिवहन विभाग की एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह, चीफ सेक्रेटरी धर्मेंद्र, परिवहन आयुक्त निहारिका राय व अन्य आला अधिकारी मौजूद थे।



दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी' बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बेड़े में शामिल हो रही नई बसों के साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के बढ़ते बेड़े को भी ध्यान में रखते हुए राजधानी दिल्ली के सभी बस डिपो और बस टर्मिनल को अपग्रेड करने का काम कर रही है। जहां इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग की सुविधा और मेंटिनेंस के साथ ही बस यात्रियों, ड्राइवरों की सुविधा का भी विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने परिवहन व्यवस्था को लेकर कहा कि इसके लिए छोटी (देवी) और बड़ी बसों की संख्या तो बढ़ाई ही जा रही है, साथ ही इनके रूट भी इस तरह से बनाए जा रहे हैं ताकि लोगों की पहुंच उन तक आसानी से हो जाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि हमारी सरकार चाहती है कि दिल्ली में डीटीसी शानदार परिवहन सेवा के रूप में नाम कमाए। बैठक में मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री के समक्ष यह बताया गया कि किस तरह डीटीसी के पूरे सिस्टम को चुस्त-दुरुस्त व लोगों के लिए सुविधाजन बनाया जा सकता है।

### 'परिवहन सेवाओं के लिए एक ही स्मार्ट कार्ड'

उच्चस्तरीय बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हम दिल्ली की सभी परिवहन सेवाओं जैसे डीटीसी, मेट्रो, आआरटीएस के लिए एक ही स्मार्ट कार्ड लाने जा रहे हैं। इसमें दिल्ली की महिलाओं/ट्रांसजेंडरों के लिए पिंक कार्ड भी शामिल है, जिसके आधार पर वे डीटीसी में फ्री सफर कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मसले पर बैंकों से बात चल रही है जो लोगों को कार्ड जारी करेंगे। लोगों तक यह कार्ड आसानी से पहुंचे, इसके लिए फुलप्रूफ व्यवस्था बनाई जा रही है। यह कार्ड दिल्ली वालों को परेशानी से बचाने के लिए बड़ी भूमिका निभाएगा।

## बेघर किए जा रहे गरीब लोगों की आवाज बनेगी आप: आतिशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) सड़क से लेकर सदन और कोर्ट तक इन बेघर किए जा रहे गरीब लोगों की आवाज बनेगी। मंगलवार को आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने अपने आशियाने को छीनने की डर के साए में जी रहे इन गरीबों से मुलाकात की और पार्टी की तरफ से उनके घरों को बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर सदन और कोर्ट तक लड़ने का भरोसा दिया। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के मटियाला विधानसभा स्थित नंगली डेयरी की झुग्गियों में रहने वाले लोग अपने घर पर भाजपा सरकार का बुलडोजर चलने की डर के साए में जी रहे हैं। आतिशी ने कहा कि यहां बुजुर्ग अम्मा बोलीं कि अपनी जिंदगी भर की पूंजी से छोटा सा आशियाना बनाया था, क्या अब उसे अपनी आंखों के सामने टूटते देखना पड़ेगा।

भाजपा पर निशाना साधते हुए जिन घरों को लोगों ने बरसों की मेहनत से बसाया, भाजपा सरकार उन पर बुलडोज़र चलाने की तैयारी कर रही है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार सिर्फ दीवारें नहीं तोड़ रही, ये ग़रीबों के सपनों, उनके भरोसे और अस्तित्व को कुचल रही है।

### जीटीबी अस्पताल में 14 नए आईसीयू बिस्तर बहुत जल्द होंगे शुरू : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के जीटीबी अस्पताल में 14 नए आईसीयू बिस्तर बहुत जल्द शुरू होंगे और इमरजेंसी वार्ड को अपग्रेड कर वेंटिलेटर आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने जीटीबी अस्पताल में हो रहे सिविक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की मंगलवार को समीक्षा करने के बाद यह जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के संकल्प को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर को भी बेहद मजबूत बनाने में जुटी है। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में चल रहे सभी सिविक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

### राजधानी में तेजी से पैर पसार रही जल जनित बीमारियां : मुकेश गोयल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जलजनित बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह एवं निगम आयुक्त अश्विनी कुमार को बिना देरी किए विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने मंगलवार को महापौर और निगमायुक्त से यह मांग की है। इन बीमारियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली वालों को जल एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष मलेरिया के अब तक सबसे ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि एमसीडी अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी तो सही ढंग से नहीं निभाई है परंतु मच्छरों से बचाव नहीं कर पाने के लिए 1 जनवरी से 12 जुलाई के बीच 58 हजार 671 दिल्ली वालों को लीगल नोटिस जारी कर दिये हैं।

### कमीशन फॉर एयर क्वालिटी कंट्रोल के खिलाफ टैक्सी ट्रांसपोर्टरों ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने पर कमीशन फॉर एयर क्वालिटी कंट्रोल (सीएक्यूएम) द्वारा वाहनों पर लगाई जाने वाली सख्त पाबंदी के मुद्दे पर टूरिस्ट टैक्सी ट्रांसपोर्टरों ने पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस बारे में दिल्ली टैक्सी एन्ड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने बताया कि सीएक्यूएम के एकतरफा सख्त निर्णयों से ऑरेटर्स को होने वाली कई परेशानियों से मंत्री मिश्रा को अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर 2026 से दिल्ली के अंदर बीएस 4 डीजल (एआईटीपी) बसों की एंट्री रोकने के आदेश 3 जून 2025 को ही जारी कर दिया है। सीएक्यूएम के ऐसे फैसलों से भारत के टूरिस्ट टैक्सी-बसों के तमाम मालिकों का आर्थिक और मानसिक शोषण अभी से करना शुरू कर दिया गया है। कभी प्रदूषण के नाम पर ग्रैप लगाकर हमारी टूरिस्ट टैक्सी और टेंपो ट्रैवलर (मिनी बसें) बंद करके और 20 हजार रुपए जुर्माना लगाकर। इस बार सीधा ही डीजल बीएस-4 बसों को हमेशा के लिए बंद करने की साजिश की गई है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने डीजल बसें सन 2000 में बंद कर दी थी।

### दिल्ली सरकार ने 70 लाख पौधे लगाने का रखा विशाल लक्ष्य : सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने इस वर्ष दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाने का विशाल लक्ष्य रखा है। दिल्ली के शिक्षा, गृह और ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी के ए -2, ब्लॉक पार्क, राम वाटिका में दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव के अंतर्गत एक 'पेड़ मां के नाम -2.0' के तहत अपनी माताजी सुशील देवी के नाम पर सागवान का पौधरोपण करने के बाद यह बाते कही। इस मौके पर उनके साथ साथ पश्चिमी दिल्ली की लोकसभा सांसद कमलजीत सेहरावत ने भी अपनी माताजी ज्ञान देवी के नाम पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री सूद ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि पौधों को लगाने के साथ साथ पौधों के संरक्षण पर भी ध्यान दें। कई बार देखा गया है कि पौधे लगा तो दिए जाते हैं लेकिन वह बिना पानी और पर्याप्त देखभाल के सूखकर मर जाते हैं इसलिए पौधों को लगाने के बाद उनकी नियमित देखभाल भी जरूरी है।

### जनता की आवाज उठाने पर भाजपा सरकार हमें भेज रही नोटिस : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद यादव ने भाजपा व दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जनता की आवाज उठाने पर हमें नोटिस भेजा गया है। यादव ने नोटिस पर कहा कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह नोटिस दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति की ओर से भेजा गया है, जिसमें आप और भाजपा के कुल 9 विधायक सदस्य हैं। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह तथाकथित नोटिस हमारी आवाज़ को दबाने की एक कोशिश है। जनता का धन किस प्रकार शाही ऐशोआराम में बर्बाद किया जा रहा है, कांग्रेस ने इसका खुलासा किया, और अब उसी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। लेकिन बता दें कि कांग्रेसी कभी डरने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा गरीब झुग्गी-झोपड़ियों को तोड़े जाने, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और 2.35 करोड़ के विधानसभा अध्यक्ष के आवास पर खर्च करने जैसी फिजूलखर्ची पर हम सवाल पूछते रहेंगे। यादव ने कहा कि बेशक भाजपा व सरकार हमें रोज नोटिस भेजे, रोज मुकदमे दर्ज करें, कांग्रेस जनहित की आवाज उठाने में कोई कमी नहीं छाड़ेगी। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी- जनहित के सवाल जरूर पूछेगी, चाहे वो भाजपा को कितने भी कड़वे क्यों न लगें। यादव ने कहा कि मीडिया में चल रहे नोटिस की ख़बरें भाजपा और आप की साझा साजिश है, यह जनता की आवाज़ को दबाने की कोशिश है। उन्होंने विधानसभा से मिले नोटिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब कांग्रेस ने दिल्ली में जनता के पैसों से लाखों करोड़ों के खर्च कर फूल कुमारी निवास, मोदी महल जैसे भव्य शाही खर्चों पर कांग्रेस ने आवाज उठाई है। कांग्रेस किसी भी कीमत पर भाजपा सरकार द्वारा झुग्गी झोपड़ियों को तोड़ने नहीं देगी। बेशक इसके लिए कोई भी कांग्रेस को अथवा मुझे नोटिस भेजे हम डरेंगे नहीं झुकेंगे नहीं।



## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनी में चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर जोन-5 गालंद गांव के पास व शालीमार गार्डन में चला।



जहां पर दस हजार वर्ग ग़ज़ जमीन में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी को ध्वस्त कर दिया गया। यह कालोनी ग्राम गालन्द, धौलाना जिला-हापुड़ के खसरा सं0-327 व 329 पर सचिन त्यागी व उनके भाई राहुल त्यागी द्वारा लगभग 10,000 वर्ग गज में विकसित की गई थी। अवैध कालोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

### इमारत का छज्जा गिरा मजदूर की मौत

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र के शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 में निर्माणाधीन बिल्डिंग का



छज्जा गिरने से वहां काम कर रहे मजदूर की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी । उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मजदूर का नाम सुमित है। घटनाक्रम के अनुसार आज शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 2 तोड़ रहा था । तभी अचानक छज्जा गिर गया।

### मुनाफा का प्रलोभन देकर 1.18 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** मानेसर साइबर क्राइम थाना क्षेत्र में जालसाजों ने इंवेस्टमेंट में बेहतरीन मुनाफा देने




का प्रलोभन देकर एक युवक से 1,18,334 रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। शिकायत में प्रतीक जैन ने बताया कि उसके पास टेलिग्राम पर एक मैसेज आया। जिसमें ऊषा एनलिसिस 51 द्वारा उसे मैसेज किया गया और इंवेस्टमेंट करने पर बेहतरीन प्रोफिट देने की बात कही गई। वहीं प्रोफिट की राशि बताने के साथ यह भी कहा गया कि दो बजे तक प्रतीक के अकाउंट में प्रोफिट की राशि आ जाएगी।

### दुर्घटना में एक कांवड़िए की मौत, दो घायल

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर




एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक कांवड़िए की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। तीनों कांवड़िए बाइक पर सवार होकर कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। तभी यह दुर्घटना गौड़ सिटी के सामने हुई। जीवन, सुमित, राज तीनों कांवड़िए दिल्ली के छतरपुर के आयानगर में काली मंदिर के पास के रहने वाले हैं। तीनों एक दूसरे के पड़ोसी हैं। घायल दो कावड़ियों को मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर व अनाधिकृत एमटीपी किट और दवाई बेचने वालों पर दर्ज कराई एफआईआर

मेडिकल ऑफिसर रोहित गौड व प्रवीण राठी जिला औषधि नियंत्रक ने फर्जी ग्राहक को भेजा

मुख्यमंत्री उडन दस्त की टीम द्वारा बीके सिविल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर रोहित गौड व प्रवीण राठी जिला औषधि नियंत्रक फरीदाबाद की संयुक्त टीम के साथ एक फर्जी ग्राहक को श्री ब्रहमा मेडिकल स्टोर पर एमटीपी किट खरीदने के लिए 1000 रुपए देकर भेजा गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर व अनाधिकृत रूप से एमपीटी किट बेचने वाले को मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने मामला दर्ज करवा है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता को सूचना प्राप्त हुई थी कि श्री ब्रह्मा मेडिकल स्टोर राजीव कॉलोनी सेक्टर 56 समय पुर रोड बल्लभगढ़ द्वारा अवैध रूप से मेडिकल स्टोर खोला हुआ है तथा अवैध रूप से अंग्रेजी दवाइयां व एमटीपी किट बेची जा रही है। यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर रेड की जाए तो अवैध एमपीटी किट व मेडिकल स्टोर का भंडाफोड़ हो सकता है। उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडन दस्त की टीम द्वारा बीके सिविल अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर रोहित गौड व प्रवीण राठी जिला औषधि



नियंत्रक फरीदाबाद की संयुक्त टीम के साथ एक फर्जी ग्राहक को श्री ब्रह्मा मेडिकल स्टोर पर एमटीपी किट खरीदने के लिए 1000 रूपए देकर भेजा गया। श्री ब्रह्मा मेडिकल स्टोर के संचालक अनिल विश्वकर्मा द्वारा फर्जी ग्राहक से 1000 रुपए लेकर तीन अलग-अलग लिफाफे में एमटीपी किट को उपयोग करने का समय लिखकर उपलब्ध करा दिया गया।

इसी बीच मेडिकल टीम द्वारा श्री ब्रह्मा मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर अवैध रूप से बेची गई एमटीपी किट व 1000 के नंबरी नोट अनिल विश्वकर्मा से बरामद किए। प्रवीण राठी जिला औषधि नियंत्रक मेडिकल स्टोर चलाने बारे अनिल विश्वकर्मा से वैध लाइसेंस तथा फार्मासिस्ट का सर्टिफिकेट की मांग की गई। संचालक अनिल कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

---

सफदरजंग अस्पताल के प्रबंधन ने ऑक्सीजन न होने से आकाश को अस्पताल से बाहर निकाल दिया

# दोस्तों ने किया अपहरण, फिर युवक को पीट-पीटकर मार डाला, पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

आकाश के साथ पढ़ने वाले दोस्त साहिल, जाहुल खान, आरिफ खान, अल्ताफ, सूरज, विकास, सोहिल आ गए और उन्होंने उससे कार में बैठने के लिए कहा। वह उनके कहने पर कार में बैठ गया। वह उसे ऊंचा गांव की तरफ ले गए। वहां पर उन्होंने जान से मारने की नीयत से उसे सड़क पर गिरा-गिरा कर मार डाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर-सात-आठ के चौक से 13 जुलाई की रात को दोस्तों द्वारा कार में अगवा कर युवक को ऊंचा गांव ले जाकर बुरी तरह डंडों और पाइप से पीटने की घटना में घायल ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में सात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोच लेने का दावा किया है।

रेनू ने थाना सेक्टर-8 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा आकाश पटेल सेक्टर-छह स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। वह 12 जुलाई को ड्यूटी गया था। जब वह आधी रात के बाद डेढ़ बजे अपनी ड्यूटी समाप्त करके घर लौट रहा था तो वह सेक्टर-सात-आठ के चौक पर पेड़ों के नीचे खड़ा था। तभी कार में आकाश के साथ पढ़ने वाले दोस्त साहिल, जाहुल खान, आरिफ खान, अल्ताफ, सूरज, विकास, सोहिल आ गए और उन्होंने उससे कार में बैठने के लिए कहा।

### आकाश के जांघ, छाती, पेट, हाथ पर गंभीर चोट



वह उनके कहने पर कार में बैठ गया। वह उसे ऊंचा गांव की तरफ ले गए। वहां पर उन्होंने जान से मारने की नीयत से उसे सड़क पर गिरा-गिरा मारा। पुरानी रंजिश को लेकर हमलावरों ने डंडा और लोहे के पाइप से उसकी जांघ, छाती, पेट, हाथ पर गंभीर चोट मारी। इतना ही नहीं हमलावरों ने उसकी पीटते हुए की वीडियो भी बनाई। किसी ने उसे सेक्टर-10 के संजीवनी अस्पताल में भर्ती करा दिया। अस्पताल से उन्हें मोबाइल पर आकाश पटेल के दाखिल होने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद वह उसे बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल ले गए। अस्पताल के डाक्टरों ने उसे बादशाह खान अस्पताल भेज दिया। बादशाह खान अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे गंभीर अवस्था में सफदरजंग के लिए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल के प्रबंधन ने ऑक्सीजन न होने के कारण उसे अस्पताल से बाहर निकाल दिया। वह उसे गंभीर अवस्था में एनआईटी स्थित पराग अस्पताल ले आए। जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सभी हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। बल्लभगढ़ एसीपी महेश कुमार श्योराण का कहना है कि उन्होंने पांच हमलावरों को दबोच लिया। अन्य को भी शाम तक दबोच लिया जाएगा।

### खाता उपलब्ध करवाने वाले ठगी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अवैध पार्सल का डर दिखा कर लाखों की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खाता में ठगी के 5 लाख रुपए आए थे। साइबर थाना में एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 29 नवम्बर 2024 को उसके पास एक कॉल आया, जिसमें ठग ने खुद को कथित कस्टम अधिकारी बताया और शिकायतकर्ता को कहा कि उसके नाम से एक पार्सल मलेशिया जा रहा है, जिसमे 16 फर्जी पासपोर्ट, 140 ग्राम एमडीएमए तथा 58 सिम कार्ड है। जिस पर शिकायतकर्ता ने ऐसा कोई पार्सल नहीं भेजने की बात कही गई। जिसके बाद ठग ने उसकी बात एक कथित सीबीआई अधिकारी मुम्बई से करवाई। जिसने वैरिफिकेशन के लिए शिकायतकर्ता का आधार कार्ड नंबर व फोटो लिया और पार्सल उसी का होने की बात कही और कहा कि उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रखा अगर वह इस मामले को यही खत्म करना चाहता है तो वो अपने उच्च अधिकारी से बात करवा सकते है। जिसके बाद ठगों ने व्हाट्सएप विडियों कॉल के जरिये उसकी बात कथित उच्च अधिकारी से करवाई। जिसने उसे गिरफ्तारी का डर दिया तथा मामले को खत्म करने के लिए 25,40,000 रुपए की मांग की।

खाता में आए थे ठगी के 5 लाख

---

सोनीपत से किराए पर गाड़ी लेकर आए थे हमलावर

# सिंगर फाजिलपुरिया पर हमला करने वालों की हुई पहचान, गाड़ी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने गाड़ी को बिलासपुर क्षेत्र से बरामद कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे से मिले गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस को गाड़ी मालिक की पहचान सोनीपत के रहने वाले सुशील के रूप में हुई। एएसआई संदीप के मुताबिक जब पुलिस सुशील तक पहुंची तो उसने बताया कि गाड़ी उसने सोनीपत के दीपालपुर स्थित रोमियो कार रेंटल सर्विस को दी हुई है। पुलिस ने पूछताछ की तो सामने आया कि गाड़ी को सोनीपत के रहने वाले गौतम ने 11 जुलाई को रेंट पर ली थी। गाड़ी को रेंट पर लेने के लिए गौतम ने अपना आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस दिया था। इसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर की जांच में यह भी सामने आया कि गौतम का लाइसेंस अभी छह महीने पहले ही बना था।

### गाड़ी को जीपीएस के जरिए किया ट्रैक

हमलावरों की गाड़ी को पुलिस ने जीपीएस के जरिए ट्रैक किया है। ऐसे में पुलिस जीपीएस के जरिए ही उन स्थानों की सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है जहां गाड़ी की मूवमेंट रुकी हुई थी। ऐसे स्थानों पर भी पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने एक गोली का निशान मिलने की बात कही है।

### गांव जाने के दौरान सिंगर पर किया हमला

उल्लेखनीय है कि सोमवार देर शाम को वाटिका चौक से गांव फाजिलपुर जाते वक्त सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर एक कार में सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी। आरोपियों से बचने के लिए राहुल फाजिलपुरिया ने मौके से अपनी गाड़ी भगा ली। वारदात के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों का सुराग तो पुलिस के हाथ लग गया है, लेकिन आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही वारदात के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

---

नकली सील के जरिए धोखाधड़ी

# दूसरे की कंपनी जीएसटी नंबर के जरिए लॉजिस्टिक कंपनी बदमाश ने लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मानेसर साइबर क्राइम थाना एरिया में जालसाजों ने मानेसर स्थित एक कंपनी का नाम व उसका जीएसटी नंबर का इस्तेमाल कर ठगी करने का मामला सामने आया है। कंपनी निदेशक की पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में आईएमटी मानेसर के सेक्टर-2 स्थित ब्राइस्टार मेप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक भूपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि किसी ने उनकी कंपनी के नाम व जीएसटी नंबर का इस्तेमाल कर एक लॉजिस्टिक कंपनी की सर्विस लेकर चपत लगा दी। दिल्ली के ओखला स्थित एनटीएल लॉजिस्टिक कंपनी को जब सर्विस का भुगतान नहीं किया गया तो कंपनी का प्रतिनिधि उनकी कंपनी में आया। बताया गया कि किसी संजय सिंह नामक व्यक्ति ने हमारी कंपनी का नाम जीएसटी इस्तेमाल




कर लॉजिस्टिक कंपनी की सर्विस ली थी। लेकिन उनके यहां संजय सिंह नाम का कोई कर्मचारी नहीं है। जांच में सामने आया कि संजय सिंह उनकी कंपनी से मिलते नाम की ईमेल यूज कर रहा हैं।

वहीं ब्राइस्टार मेप इंडिया कंपनी से मिलते अन्य डोमेन का उपयोग करके ब्राइस्टार मेप इंडिया प्रा. लि. की नकली सील व अन्य दस्तावेज तैयार करके दुरुपयोग कर रहा है। कंपनी निदेशक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

---

डीसीपी ने किया घटना स्थल का दौरा

# गाजियाबाद में बदमाशों ने कारोबारी से रुपयों से भरा बैग लूट लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

इंद्रापुरम थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाशों ने एक व्यापारी ने हथियारों के बल पर रुपयों से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए । सूचना मिलने पर डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल भी मौके पर पहुंचे।पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है।

ग्रॉसरी कारोबारी प्रवेश विश्नोई यहां विजय नगर स्थित सिद्धार्थ विहार में रहते हैं और वसुंधरा सेक्टर 13 में ग्रोसरी की की दुकान चलाते हैं। सोमवार की रात में विश्नोई ग्रॉसरी शॉप से कैश कलेक्शन कर दुकान बंद कर अपने आवास जा रहे थे।

जब वह हिंडन पुश्ते पर पहुंचे तो वहां मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और भय दिखाकर उनका रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। बैग में कितने रुपए थे, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने उसकी कनपटी पर तमंचा लगाया और कहा- या तो बैग दे, वरना गोली खा। डीसीपी ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन में चढ़ने के दौरान महिला से चेन झपटी

**गुरुग्राम** । यहां रेलवे स्टेशन पर चेतक एक्सप्रेस में चढ़ते समय अज्ञात व्यक्ति ने वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। महिला की शिकायत पर रेलवे स्टेशन स्थित राजकीय रेलवे पुलिस थाने में मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सरला यादव ने बताया कि वह गुरुग्राम रेलवे स्टेशन से नारनौल जाने के लिए प्लेटफार्म-1 पर चेतक एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ रही थी।

---

होटलों और शिक्षण संस्थाओं से टैक्स रिकवरी के निर्देश

# प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में निगम ने रिकवर की 1 करोड़ 2 लाख से ज्यादा की राशि

अभियान के अंतर्गत कुछ बकायादारों ने मौके पर ही टैक्स जमा कराया है। करीब 1 करोड़ 2 लाख से ज्यादा की राशि का प्रॉपर्टी टैक्स नगर निगम के खाते में जमा हुआ, जबकि 3 यूनिटों को सील किया गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम क्षेत्र में चलने वाले काफी होटलों और शिक्षण संस्थाओं पर टैक्स बकाया है जिसके रिकवर करने के लिए निगम के सभी जॉन के क्षेत्रीय कर अधिकारी अपनी अपनी टीम के साथ होटलों से टैक्स रिकवरी के लिए पहुंच रहे हैं और टैक्स जमा न करने वालों पर सीलिंग की कार्यवाही कर रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत कुछ बकायादारों ने मौके पर ही टैक्स जमा कराया है। लगभग 1 करोड़ 2 लाख से ज्यादा की राशि का प्रॉपर्टी टैक्स नगर निगम के खाते में जमा हुआ, जबकि 3 यूनिटों को सील किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा के

टैक्स जमा न करने वालों की संपत्ति की जाएगी सील



मार्गदर्शन में नगर निगम फरीदाबाद द्वारा टैक्स रिकवर किया जा रहा है यह टैक्स शहर के विकास में काम आता है। एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के सभी प्रॉपर्टी धारक यदि समय से अपना प्रॉपर्टी टैक्स नगर निगम को जमा कराएंगे तो निश्चित ही फरीदाबाद शहर का विकास भी तेज गति के साथ आगे बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि सेक्टर 29 स्थित एसओएस स्कूल ने भी 2 लाख 50 हजार रुपए का टैक्स जमा कराया है। जबकि 3 यूनिटों को सील किया गया है जिनमें एक सेक्टर 81 की विहू हॉस्पिटैलिटी, कन्हैया हॉस्पिटैलिटी भी शामिल हैं।

---

# बाइक धीरे चलाने की नसीहत देने वाले बुजुर्ग की रॉड मारकर की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-9 ए थाना एरिया में बाइक धीरे चलाने की नसीहत देना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया। बाइक सवार युवक ने बुजुर्ग के सिर पर लोहे की रॉड मारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलते ही सेक्टर-9ए थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को काबू कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 29 जून को सेक्टर-9ए थाना पुलिस को सिविल अस्पताल से एक व्यक्ति के सिर पर चोट के कारण अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिली थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पता लगा कि घायल को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है।

### घायल अभी बयान देने की हालत में नहीं

दिल्ली सफदरजंग अस्पताल पहुंची पुलिस को डॉक्टरों ने बताया कि घायल अभी बयान देने की हालत में नहीं है।



यहां मिले घायल अशोक (67) के बेटे ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि वह अंबेडकर नगर गली नंबर 2 में रहते हैं। 29 जून को उनके पिता खाना खाकर टहलने के लिए गली में निकले थे। इस दौरान एक युवक बाइक पर तेजी से निकला जिसे उनके पिता ने बाइक धीरे चलाने की नसीहत दी। इसको लेकर उनके पिता और युवक के बीच बहस हो गई। इस पर बाइक सवार ने एक लोहे की रॉड से उसके पिता के सिर पर वार कर दिया और मौके से भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 12 जुलाई को इलाज के दौरान अशोक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस पर पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी गई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मूल रूप से बिजनौर के रहने वाले फिरोज अहमद (25) को काबू कर लिया गया। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने पूरी वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

---

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पुल के पास ट्रक चालक की दबंगई

# सिपाही पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश, वर्दी फाड़ी पुलिस ने आरोपी चालक को दबोचा, साथी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुरादनगर थाना इलाके के दुहाई में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पुल के पास ट्रैफिक पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की तो बौखलाए ट्रक चालक ने सिपाही पर ट्रक को चढ़ाने की कोशिश की। चालक ने सिपाही के साथ मारपीट कर उसकी वर्दी भी फाड़ डाली। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी मौके से भाग गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



एसीपी लिपि नगाइच ने बताया कि घटना सोमवार की है। कांवड़ यात्रा के चलते दिल्ली-मेरठ मार्ग को वन-वे कर दिया गया। पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। ट्रैफिक सिपाही प्रमोद कुमार की ड्यूटी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पुल के पास पलवल चढ़ाव पर लगाई गई थी।

### सिपाहियों ने किसी तरह भागकर जान बचाई

सोमवार देर शाम एक ट्रक गाजियाबाद से मुरादनगर की तरफ जाने लगा। सिपाही प्रमोद कुमार ने चालक को ट्रक आगे ले जाने से मना किया और उसे बताया कि डायवर्जन हो रहा है। इस बात से गुस्साए चालक व उसके साथी ने गाली-गलौज की और सिपाहियों पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। सिपाही ने किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। इसके बाद ट्रक चालक व उसके साथी ने सिपाही के साथ मारपीट कर उनकी वर्दी फाड़ दी। थाने से पुलिस फोर्स बुलाकर किसी तरह से चालक को गिरफ्तार किया गया। ट्रक चालक सलमान निवासी सीलमपुर दिल्ली व राहुल निवासी दुर्गापुरी दिल्ली है। ट्रक चालक सलमान को गिरफ्तार कर लिया।

---


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | बोहर, रोहतक में स्टेडियम का विकास (पुनः आमंत्रण)। | 14.07.2025 28.07.2025 | रु. 975.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | रोहतक शहर में पुल को चौड़ा करने के लिए जस्सा ड्रेन के ऊपर डीआई पाइप लाइन के प्रावधान और शिफ्टिंग हेतु आकलन। | 14.07.2025 21.07.2025 | रु. 30.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36609/I/88/7 दि. 15.07.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | लीजेंड हाईट कमर्शियल कॉम्पलैक्स, सेक्टर-80, मानेसर में 2 अदद एलीवेटर्स का आधुनिकीकरण और व्यापक रखरखाव। | 17.07.2025 28.07.2025 | 73.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-06 और 07, एचएसआईआईडीसी आईएमटी मानेसर में विभिन्न स्थानों पर रोड की मरम्मत (पैच वर्क्स)। | 17.07.2025 24.07.2025 | 10.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-29 (II) एचएसवीपी, पानीपत में 10 वर्ष के प्रचालन और रखरखाव तथा डीएलपी सहित एक्सटेंडेड एरेशन टेक्नोलॉजी पर आधारित सभी प्रकार से पूर्ण एक्टीवेटेड कार्बन फिल्टर और 63 एमएलडी रेपिड सैंड फिल्टर, 63 एमएलडी एमपीएस सहित 21 एमएलडी क्षमता के सीईटीपी के संवर्धन हेतु प्लानिंग, डिजाइन, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, निर्माण, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन और 3 माह का ट्रायल रन। | 15.07.2025 05.08.2025 | 18187 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829530 ia.panipat@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/36607/I/88/7 दि. 15.07.25

बिहार चुनाव में प्रचार करेंगी प्रियंका गांधी वाड्रा?

# राहुल संग बैठक के 10 जनपथ पहुंचे पप्पू यादव

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी के साथ बैठक के बाद प्रियंका वाड्रा से भी मुलाकात की। पप्पू यादव ने उनसे बिहार में चुनावी रैलियां करने का आग्रह किया है। यह मुलाकात मंगलवार को नई दिल्ली के 10 जनपथ स्थित सोनिया गांधी के आवास पर हुई। इसके बाद प्रियंका गांधी वाड्रा के बिहार चुनाव में प्रचार करने की अटकलें लगाई जाने लगी हैं। बता दें कि पप्पू यादव सोमवार को ही बिहार चुनाव को लेकर हुई कांग्रेस की बैठक में भी शामिल हुए थे।

सांसद पप्पू यादव ने मंगलवार को कहा कि प्रियंका गांधी लगातार देश के मुद्दों पर गंभीरता से पकड़ रखती हैं। उनका लोगों से अधिक अटैचमेंट है। राहुल गांधी 6 बार बिहार आ चुके हैं। इससे गरीब, ईबीसी, एससी, एसटी का लगाव कांग्रेस की तरफ बढ़ा है। बिहार की जनता प्रियंका गांधी को भी देखना और सुनना चाहती है।

## पेज एक का शेष

### मंगल ही मंगल....

3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं।

इससे पहले ड्रैगन कैप्सूल के समुद्र में आने के बाद आवश्यक कार्रवाई को पूरा किया गया, इसके बाद रिकवरी टीम के सदस्य ड्रैगन कैप्सूल के अंदर गए। इसके कुछ पल के बाद सभी अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल से बाहर निकाला गया। बाहर निकले के दौरान शुभांशु के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे ये रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। शुभांशु 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को लैंडिंग के बाद मेडिकल जांच और रिहैबिलिटेशन के लिए आमतौर पर सात दिन लगते हैं, ताकि वे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढल सकें। इसके बाद ही शुभांशु भारत लौटेंगे।

### एक अरब लोगों को...

को प्रेरित किया है। यह हमारी अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान योजना 'गगनयान' की ओर एक और बड़ा कदम है।

### 41 साल बाद कोई...

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे 41 साल पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। शुभांशु का ये अनुभव भारत के गगनयान मिशन में काम आएगा। ये भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसका उद्देश्य भारतीय गगनयात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और सुरक्षित रूप से वापस लाना है। इसके 2027 में लॉन्च होने की संभावना है। भारत में एस्ट्रोनॉट को गगनयात्री कहा जाता है। इसी तरह रूस में कॉस्मोनॉट और चीन में ताइकोनॉट कहते हैं।

### हाथ में तिरंगा...

*है। मंगलवार को शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, आज हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है।*

### आतंकवाद के गुनहगारों...

यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि कई बार उक्त तीनों बुराइयों से एक-साथ सामना होने पर कोई अचरज नहीं होता है। हाल ही में भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले का एक बड़ी घटना इसका ताजा उदाहरण पेश करती है। जिसके पीछे केंद्रशासित प्रदेश की पर्यटन से जुड़ी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक बंटवारे का मकसद था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने एक बयान जारी कर पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा की थी और इसके दोषियों, आयोजकों, वित्तीय मददगारों व प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में खड़ा करने की आवश्यकता जताई थी। भारत ने बिलकुल यूएनएससी के बयान के मुताबिक ही अपनी कार्रवाई (ऑपरेशन सिंदूर) की है। हम भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। बताते चलें कि जयशंकर के समूह देशों के समक्ष दिए गए संबोधन के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और चीन के विदेश मंत्री वांग यी बैठक में मौजूद थे।

### राष्ट्रपति जिनपिंग ने...

से मुलाकात की और उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। चीन के राष्ट्रपति को मैंने भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों में हाल ही में हुई प्रगति के बारे में अवगत कराया। इस संबंध में हमारे नेताओं के मार्गदर्शन को हम महत्व देते हैं'। गौरतलब है कि इस वर्ष चीन ने एससीओ की अध्यक्षता के तहत इस बैठक का आयोजन किया था। जिसमें शामिल होने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर बीते सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर चीन पहुंचे थे। भारत ने चीन को एससीओ की अध्यक्षता के लिए अपना पूर्ण समर्थन प्रदान किया है। यहां बता दें कि बीते लगभग एक पखवाड़े से अधिक की अनुपस्थिति के बाद चीन के राष्ट्रपति सार्वजनिक रूप से नजर आए हैं। पूर्व में उनके चुपके-चुपके तख्तापलट और स्वास्थ्य संबंधी अटकलों के बीच जिनपिंग की यह पहली सार्वजनिक कूटनीतिक बैठक में की गई भागीदारी है।

**समूह तंत्र में सुधार की दरकार: शी जिनपिंग :** चीन के राष्ट्रपति ने एससीओ के विदेश मंत्रियों से मुलाकात के बाद उनसे आह्वान करते हुए कहा कि दस सदस्यीय समूह देशों को शांति, स्थिरता के साथ आमजन की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा घेरा बनाना चाहिए। साथ ही सुरक्षा खतरों और चुनौतियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए तंत्र में सुधार करने चाहिए। एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी आधिकारिक विज्ञप्ति से यह जानकारी मिली। जिसमें चीन के राष्ट्रपति ने कहा, बीते करीब ढाई दशक में अपनी स्थापना के बाद से एससीओ ने शंघाई भावना को न केवल हमेशा लागू किया है। बल्कि हम एक परिपक्व और व्यापक संगठन के रूप में मजबूती के साथ अपने उत्साह को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने अशांत और बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि एससीओ को दुनिया में स्थिरता को और अधिक बढ़ावा देने, सकारात्मक ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता और अधिक सक्रियता के साथ ध्यान केंद्रित करना चाहिए। चीन समूह को हमेशा पड़ोस की कूटनीति के रूप में प्राथमिकता देता है और वह संगठन को अधिक मौलिक, मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता के साथ विकास को बढ़ावा देते हुए सदस्य देशों की समृद्धि, साझा भविष्य की भावना के साथ एक निकट समुदाय के गठन पर रहा है। अमेरिका पर निशाना साधते हुए शी ने कहा, एससीओ को प्रभाव, पावर पॉलिटिक्स और दादागिरी से इतर अधिक समावेशी और नियम आधारित बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिए। संयुक्त संवाद, रचनात्मकता के सिद्धांत के साथ आर्थिक उदारीकरण, अधिक समावेशी और लाभकारी होगा। वैश्विक दक्षिण को बढ़ावा देने पर भी चीन के राष्ट्रपति ने जोर दिया।

**वांग यी, उप-राष्ट्रपति झेंग से मिले जयशंकर :** एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले डा.जयशंकर ने बीते सोमवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी और उप-राष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात की थी। जिसका लब्बोलुआब यही है कि दोनों देशों को बतौर पड़ोसी और क्षेत्र की दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते अपने संबंधों को सामान्य बनाने के लिए विचारों का खुले रूप में आदान-प्रदान करना चाहिए। संबंधों के सामान्य रहने पर पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एससीओ से जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाने और एलएसी पर तनाव कम करने के लिए डी-एक्सलेशन पर ध्यान केंद्रित करने पर भी जोर दिया था।

### सड़क पर नहीं, अपने...

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्हें जानवरों को खाना खिलाने में परेशान किया जा रहा है, जबकि वे पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के तहत काम कर रहे हैं। वकील ने दलील दी कि नियम 20 के मुताबिक, स्थानीय निकाय या रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को ऐसे जानवरों के लिए खाना खिलाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

**आप घर में शेल्टर खोल लीजिए :** कोर्ट ने फिर सुझाव दिया कि आप अपने घर में एक शेल्टर खोल लीजिए और सभी कुत्तों को वहीं खाना खिलाइए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में तो ऐसी जगहें बनाई जा रही हैं, लेकिन नोएडा में नहीं। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसी जगहों को लोगों की आवाजाही से दूर रखा जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि सुबह साइकिल चलाकर देखिए क्या होता है। जब वकील ने कहा कि वो सुबह टहलने जाते हैं और कई कुत्ते देखते हैं, तो कोर्ट ने कहा कि सुबह टहलने वाले भी खतरे में रहते हैं। साइकिल और टू-व्हीलर वालों को ज्यादा खतरा है। इसके बाद कोर्ट ने इस याचिका को एक अन्य लंबित मामले के साथ जोड़ दिया है।

### टल गई भारतीय नर्स...

तलाल अब्दो महदी के परिवार के बीच एक बैठक का उल्लेख किया गया है। जिसमें तलाल का एक करीबी रिश्तेदार (हुदैदा स्टेट कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश और यमन की शूरा काउंसिल का सदस्य है) शामिल हुआ। यहां महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वो शेख हबीब उमर के सूफी संप्रदाय का अनुयायी भी है। जिससे तलाल के परिवार के सदस्यों को मनाने को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं।

**2017 में हुई थी फांसी की सजा :** गौरतलब है कि पूर्व में केंद्र सरकार की तरफ से मामले में निमिषा प्रिया को बचाने का हरसंभव प्रयास जारी रहा। लेकिन मामले की गंभीरता, यमन में अस्थिरता के साथ बनी हुई संघर्ष की चुनौती को देखते हुए उन्हें बचाना असंभव सा प्रतीक होने लगा था। निमिषा को 2017 में यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के आरोप में वहां की एक स्थानीय अदालत द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई थी। 2023 में यमन की शीर्ष न्यायिक परिषद (सुप्रीम कोर्ट के समान) ने प्रिया की उक्त फैसले को खारिज करने की अपील को ठुकराते हुए निचली अदालत की फांसी की सजा को बरकरार रखा था। पिछले साल के अंत में यमन के राष्ट्रपति ने भी सुप्रीम न्यायिक परिषद के फांसी के फैसले को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी थी। वहीं, यमन की राजधानी सना की जिस जेल में निमिषा प्रिया बंद है। वर्तमान में उस पर ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोहियों का कब्जा है।

### हरियाणा के लिए गर्व...

और परिषदों को अत्याधुनिक मशीनरी जैसे वैक्यूम सकर, ट्री ट्रिमर, श्रेडिंग मशीन, स्वीपिंग मशीन, पैचवर्क मशीन, वॉशिंग/स्प्रिंकलिंग यूनिट आदि मुहैया कराने की योजना प्रस्तुत की गई थी। इन उपकरणों के उपयोग और क्रियान्वयन के प्रभावी प्रयासों ने राज्य की स्वच्छता स्थिति को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। गोयल बताया कि बीते 10 वर्षों में, हरियाणा ने 75 पुराने डंपिंग ग्राउंड्स से 101 लाख मीट्रिक टन कचरे में से लगभग 69 लाख मीट्रिक टन कचरे का वैज्ञानिक निपटान कर 109 एकड़ भूमि को पुनः प्राप्त किया है। इस भूमि का उपयोग हरित क्षेत्रों, पार्कों और सामुदायिक सुविधाओं के विकास हेतु किया जा रहा है। आपको बता दें कि हाल ही में कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने वाराणसी स्थित एनटीपीसी के हरित कोयला संयंत्र का दौरा कर हरियाणा में ऐसे संयंत्रों की स्थापना को गति दी है। फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे शहरों से प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट से 400–500 टन हरित कोयले का उत्पादन किया जा सकेगा, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण, ऊर्जा नवाचार और कचरा प्रबंधन में क्रांति लाई जा सकेगी।

### चरखी दादरी में बधवाना...

दौरान 176 क्यूसेक की डिज़ाइन क्षमता के साथ किया गया था। यह लोहारू फीडर के आरडी 42400-एल पर स्थित है और चरखी दादरी तथा बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्रों के रेतीले क्षेत्रों की ज़रूरतों को पूरा करता है। बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी विभिन्न आर.डी. से प्राप्त चैनलों के माध्यम से कृषि भूमि की सिंचाई में प्रमुख भूमिका निभाती है। इन चैनलों में बधवाना डिस्ट्रीब्यूटरी से गांव इमलोटा, सरूपग्रह-संतौर, कान्हेटी, गोठरा, आदमपुरा, खेड़ी बूरा, कलाली, बलाली, भागवी, समसपुर, ढाणी फोगाट, दादरी, कपूरी, घसोला, मंडोली और कलियाणा, खेड़ी बूरा माइनर से लाभान्वित होने वाले गांव कलियाणा, भारवी, खेड़ीभूरा, गहसोला और दादरी, डाबरी सब माइनर से गांव दादरी, भारवी, घसोला और चरखी शामिल हैं। इसी प्रकार, खेड़ी सनवाल माइनर से गांव खेड़ीसनवाल, बलकरा, रामनगर, टिकानकलां और मेहराना, 1-आर माइनर गांव कलियाणा, भारवी और खेड़ीभूरा, गोठरा माइनर से गांव मंडोला, मंडोली, बलकरा, मोरी, गोठरा, खेड़ी सनवाल और मेहराना, राम नगर सब माइनर से गांव मंडोली, घसोला और रामनगर, मकराना सब माइनर से गांव बलकरा, मकराना और मकरानी, दाधी छिल्लर से सब माइनर गांव बलकरा, दाधी छिल्लर और मंडोला, गोठरा सब माइनर से गांव टिकनखुर्द और मोरी और धुधवा माइनर से गांव दधीबाना बलाली, झोझू कलां और चांगरोड ये गांव लाभान्वित होंगे।

### सभी बोइंग विमानों के फ्यूल...

का निर्देश दिया है।

**दुर्घटना के बाद एक्शन में डीजीसीए :** प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि 2018 में अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बोइंग के कई मॉडलों के फ्यूल कंट्रोल स्विच के लॉकिंग फीचर की जांच करने की सलाह दी थी। यह सलाह इसलिए दी गई थी क्योंकि कुछ बोइंग विमानों में लॉकिंग फीचर के डिसएंगेज होने की शिकायतें मिली थीं, जिससे स्विच को गलती से या कंपन के कारण हिलने का खतरा था। हालांकि, यह सलाह अनिवार्य नहीं थी, और एयर इंडिया ने इसकी अनदेखी की थी क्योंकि यह केवल सलाह थी, न कि अनिवार्य निर्देश। इस हादसे के बाद डीजीसीए ने तुरंत कदम उठाते हुए सभी बोइंग 787 और 737 विमानों में फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की जांच का आदेश दिया। डीजीसीए ने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि लॉकिंग मैकेनिज्म ठीक तरह से काम कर रहा हो ताकि स्विच को गलती से 'कटऑफ' स्थिति में न ले जाया जा सके। इसके अलावा विमानों, उनके इंजनों और संबंधित कंपोनेंट्स में जरूरी बदलाव करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कार्रवाई :** भारत के इस कदम के बाद दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने देशों में संचालित बोइंग विमानों के फ्यूल स्विच की जांच का फैसला किया है। दक्षिण कोरिया ने अपने सभी एयरलाइंस को बोइंग विमानों की जांच के लिए निर्देश जारी करने की योजना बनाई है, जबकि एतिहाद एयरलाइंस ने अपने पायलटों को पहले ही इस संबंध में निर्देश दिए हैं।






# रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

## लाइफ Style



# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।




# हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



# ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति


**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



# कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



# जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी ज़िंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

## इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका




**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

# ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।





**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

# नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।



## पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

# ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी


धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

### प्रदेश में निवेश को लेकर दुबई के निवेशक उत्साहित, डॉ. यादव के साथ निवेश की संभावनाओं पर हुआ व्यापक और सकारात्मक संवाद

# मुख्यमंत्री ने की दुबई के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा
# निवेशकों को बताया, मध्यप्रदेश है निवेश के लिए श्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दौरान सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों और औद्योगिक समूहों से वन-टू-वन चर्चा हुई, जिसमें मध्यप्रदेश में बहु-क्षेत्रीय निवेश की संभावनाओं पर व्यापक और सकारात्मक संवाद हुआ। मुख्यमंत्री ने गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स (जीआईआई) के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ पंकज गुप्ता से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवा, लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक रियल एस्टेट, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण एवं निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश पर चर्चा की। जीआईआई एक शरिया-संगत वैकल्पिक निवेश फर्म है जो वैश्विक स्तर पर विविध क्षेत्रों में निवेश करती है और अब मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाटा समूह के कॉरपोरेट अफेयर्स एवं ग्रोथ (एमईएनए रीजन) प्रमुख अंकुर गुप्ता से भी मुलाकात की। चर्चा में आईटी, ऊर्जा, स्टील, ऑटोमोबाइल, एयरलाइंस, उपभोक्ता उत्पाद और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर बात हुई। मुख्यमंत्री ने टाटा समूह को मप्र में रणनीतिक निवेश केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित करते हुए राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और त्वरित अनुमतियों की जानकारी दी।



### अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने पर जोर

गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम (जीएमबीएफ) के अध्यक्ष डॉ. सुनील मांजरेकर के साथ बैठक में जीएमबीएफ की ओर से मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने, निर्यात बढ़ाने और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों से सीधे संवाद के लिए मंच प्रदान करने सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जीएमबीएफ की ग्लोबल कनेक्ट सीरीज़ के माध्यम से प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराने पर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बीडीओ एज के हेड ऑफ एडवायजरी शिवेंद्र झा ने भेंट कर भोपाल में 150-सीटर ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर की स्थापना और इंदौर में प्रस्तावित दूसरा डिजिटल सेंटर की जानकारी साझा की। यह केंद्र डिजिटल व परामर्श सेवाओं में रोजगार सृजन करेगा। साथ ही अगले तीन वर्षों में 800-1000 उच्च-कुशल नौकरियों के सृजन का लक्ष्य है।

### अनुबंधों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की इच्छा जताई

शराफ डीजी ग्रुप के चेयरमैन इब्राहिम शराफ के साथ हुई बैठक में मध्यप्रदेश में 30-50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से रेल साइडिंग लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिससे राज्य में 300 से 600 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एस्सार अल घुरैर इन्वेस्टमेंट के प्रतिनिधि योसेफ अल गुरैर से मुलाकात कर खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य तेल शोधन इकाई और कोल्ड चेन वेयरहाउस परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया। समूह ने राज्य के किसानों से दीर्घकालिक अनुबंधों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की इच्छा जताई।

### मप्र में स्टील प्लांट की स्थापना की योजना

कोनेरिस ग्रुप के सीईओ भरत भाटिया ने मध्यप्रदेश में यूएस डॉलर 75 मिलियन लागत से स्टील प्लांट की स्थापना की योजना मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष रखी। कंपनी पहले से ही 26 देशों में स्टील उत्पाद भेजती है और भारत में अपनी उपस्थिति राज्य के माध्यम से बढ़ाना चाहती है। एतिसालात ग्रुप के सीईओ खालिद मुर्शिद से स्मार्ट सिटी, 5जी नेटवर्क, टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ और डिजिटल स्किल डवलपमेंट के क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव रखें। कंपनी 16 से अधिक देशों में कार्यरत है और मध्यप्रदेश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में रुचि रखती है।

### ब्रावो ने फार्मा निर्माण और निर्यात को लेकर निवेश में रुचि दिखाई

ब्रावो फार्मास्युटिकल्स के निदेशक राकेश पांडेय ने फार्मा निर्माण और निर्यात को लेकर निवेश रुचि दिखाई, वहीं स्मार्ट स्टार्ट फंड के प्रशांत गुलाटी ने आईटी और वित्तीय सेवाओं से जुड़े स्टार्टअप्स को मध्यप्रदेश में प्रोत्साहित करने की बात कही। अनलाह वेंचर पार्टनर्स के हितेश धनकानी ने म्यूचुअल फंड, बीमा और इक्विटी सेवाओं में निवेश की योजना साझा की और स्पैन कम्युनिकेशन्स के सीईओ नरेश खेतरपाल ने राज्य में पर्यटन, नेचुरोपैथी रिसॉर्ट और क्रूज़ टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपए निवेश के साथ 100-150 रोजगार सृजन की संभावना जताई। वहीं, ब्लूवर्स इंडिया के रुशांग शाह ने पर्यावरण-अनुकूल वाहन धुलाई तकनीक और जल संरक्षण आधारित समाधान लाने की योजना साझा की।

सीएम डॉ. यादव ने किया आश्वस्त

### सरकार निवेशकों को देगी हर संभव सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों को आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार उन्हें हर संभव सहायता, नीति समर्थन और त्वरित अनुमतियां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य की औद्योगिक नीतियां, प्रशिक्षित कार्यबल, प्राकृतिक संसाधन और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। यह यात्रा मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश नक्शे पर और सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है।

## डॉ. यादव की लुलु समूह के निदेशक सलीम से कृषि निवेश पर हुई चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई निवेश यात्रा के दूसरे दिन दौरान लुलु ग्रुप इंटरनेशनल के निदेशक सलीम एमए से वन-टू-वन मुलाकात हुई। उन्होंने लुलु समूह के वैश्विक अनुभव और नेटवर्क की सराहना करते हुए प्रदेश में अत्याधुनिक 'खाद्य एवं कृषि-प्रसंस्करण केंद्र' की स्थापना के लिए आमंत्रित किया, जिसमें फल, सब्जियां, मसाले और अनाज का वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ाव सुनिश्चित हो सके। बैठक में मध्यप्रदेश में खुदरा व्यापार, कृषि प्रसंस्करण और खाद्य उद्योग में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. यादव ने सलीम को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर जैसे प्रथम और द्वितीय श्रेणी के शहरों में आधुनिक खुदरा विक्रय केंद्र तथा विशाल विपणन केंद्र (हाइपर मार्केट) की स्थापना के लिए आमंत्रित किया। बैठक में इंदौर-निमाड़ क्षेत्र में ताजे उद्यानिकी एवं कृषि उत्पाद एकत्रीकरण और वितरण केंद्र की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

### लुलु समूह ने जताई निवेश की इच्छा

बैठक में मप्र औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) और एमपी एग्रो के सहयोग से लॉजिस्टिक्स और कोल्ड चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में लुलु समूह की भागीदारी को लेकर चर्चा हुई, जिससे प्रदेश में रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि लुलु जैसे वैश्विक निवेशकों की भागीदारी से मध्यप्रदेश को खाद्य एवं कृषि क्षेत्र में वैश्विक बाजार से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं लुलु समूह ने राज्य सरकार की नीतियों और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए सहयोग और निवेश की प्रबल इच्छा जताई। बैठक में प्रदेश में खुदरा व्यापार, कृषि प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

---

### टेक्नोलॉजी और संयुक्त निवेश फोरम की संभावनाओं पर चर्चा

# मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ समुदाय को किया औद्योगिक प्रगति का भागीदार बनने आमंत्रित

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

उज्जैन, मंदसौर, बसई में ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में भागीदारी का न्यौता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेआईटीओ) के प्रतिनिधियों के साथ निवेश और सहयोग को लेकर व्यापक चर्चा की। उन्होंने मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश, स्किलिंग और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के सरकार के विजन को साझा किया और जेआईटीओ समुदाय को प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज अनुकूल औद्योगिक नीतियों के कारण निवेश के लिए देश का सर्वाधिक उपयुक्त राज्य बन चुका है। सरकार निवेशकों को न केवल आकर्षित कर रही है, बल्कि जमीन आवंटन से लेकर परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक सक्रिय सहयोगी की भूमिका भी निभा रही है।



### एमपी-जेआईटीओ निवेश फोरम पर विचार

बैठक के दौरान मध्यप्रदेश और जेआईटीओ के बीच संभावित सहयोग के अनेक बिंदु पर चर्चा हुई, जिनमें दुबई में एक वार्षिक 'एमपी-जेआईटीओ निवेश फोरम' की स्थापना करने पर भी विचार किया गया। इस फोरम के माध्यम से मध्यप्रदेश की लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक पार्क, इलेक्ट्रिक वाहन, फूड प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर जैसी प्रमुख परियोजनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा सकेगा। डॉ. यादव ने इस अवसर पर जेआईटीओ प्रतिनिधियों को आगामी निवेश फोरम के आयोजन का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ से जुड़े टैक्सटाइल और फूड सेक्टर के कॉरपोरेट्स को उज्जैन, मंदसौर और बसई जैसे क्षेत्रों में ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया है।

### उद्यमियों के साथ समन्वय को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुझाव दिया कि दुबई स्थित कौशल विकास संस्थान मप्र के ग्लोबल स्किल पार्क के साथ मिलकर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करे, जिससे उद्योगों को कुशल मानव संसाधन मिल सके। मुख्यमंत्री ने जेआईटीओ से जुड़ी क्लीनटेक कंपनियों को प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए आमंत्रित किया और बताया कि राज्य की नवकरणीय ऊर्जा नीति इन क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देती है। बैठक में जेआईटीओ के पदाधिकारी, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ और प्रमुख उद्यमी उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वे मध्यप्रदेश में स्किलिंग, टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन और सामाजिक परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## 150 फिट गहरी खाई में मिला अज्ञात शव



**कोरबा।** यहां ढेगुरनाला के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि शव लगभग 150 फीट गहरी खाई में पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसदी लालघाट डेंगुरनाला से लगे लगभग 100 मीटर दूर में एक गड्ढा है जो लगभग 150 फीट गहरा बताया जा रहा है। उसके आसपास से बदबू आ रही थी। जहां बस्ती के लोग जब उस रास्ते से गुजर रहे थे, इस दौरान दुर्गंध से उन्हें पहले लगा कि कोई जंगली जीव जंतु या फिर मवेशी होगा। पास जाकर देखा तो किसी व्यक्ति का शव था। देखते ही देखते बस्ती वासियों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना पहले 112 को दी गई जहां मौके पर पहुंचे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए संबंधित सिविल लाइन थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर लाश मिली है वहां काफी मात्रा में राखड़ डंप किया गया है।

## वैश्विक टैक्सटाइल हब के रूप में मध्य प्रदेश को स्थापित करने की दिशा में अहम पहल

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

दुबई दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टैक्सटाइल मर्चेंट्स ग्रुप टेक्समास के मुख्यालय का भ्रमण किया और दुबई के प्रमुख कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात कर उद्योग एवं निवेश से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा की। इस उच्च स्तरीय संवाद का उद्देश्य भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत कपड़ा क्षेत्र में व्यापार, नवाचार और निवेश के अवसरों को सशक्त बनाना है। टेक्समास की स्थापना 1990 में दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संरक्षण में हुई थी। चेयरमैन नासिर अखून, वाइस चेयरमैन विनोद नागदा और अन्य भारतीय मूल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने सीईपीए के तहत द्विपक्षीय व्यापार को गति देने पर सहमति जताई।


महत्वपूर्ण सूचना

**कांवड़ मेला-2025 के लिए विशेष व्यवस्था (23.07.2025 तक)**

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 ↓ आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 74022 ↑ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:00 | दिल्ली जं. | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

**चलने की तिथि: 74023 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक और **74022 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थान:** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली जं.-सहारनपुर-दिल्ली जं. एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 ↓ आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 64558 ↑ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

**चलने की तिथि: 64557 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक और **64558 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थान:** सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालन:**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 ↑ आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04312 ↓ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

**चलने के दिन: 04311 मुरादाबाद** एवं **04312 लक्सर** से 25.07.2025 तक।
**ठहराव:** बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 ↓ आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04313 ↑ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

**चलने के दिन: 04314 हरिद्वार** से 24.07.2025 तक एवं **04313 दिल्ली जं.** से 25.07.2025 तक।
**ठहराव:** ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 ↓ आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04315 ↑ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

**चलने के दिन: 04316 योग नगरी ऋषिकेश** से 24.07.2025 तक एवं **04315 दिल्ली शाहदरा** से 25.07.2025 तक।
**ठहराव:** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

**चलने के दिन: 04318 योग नगरी ऋषिकेश** से 09.08.2025 तक एवं **04317 आलमनगर** से 10.08.2025 तक।
**ठहराव:** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. – हरिद्वार – दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04413 ↓ आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04414 ↑ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

**चलने के दिन: 04413 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक एवं **04414 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**ठहराव:** दिल्ली शाहदरा, नोली, गोटरा हाल्ट, फख़रपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइट: www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### दो आरोपियों में से एक को पुलिस ने पकड़ा

# खाने के बिल को लेकर होटल संचालक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोरबा

हरदीबाजार के बस स्टैंड में स्थित सांई भोजनालय के संचालक अशोक कुमार जायसवाल पर दो युवकों ने जानलेवा हमला किया। अशोक कुमार जायसवाल 70 वर्षीय होने के साथ-साथ एक पैर से अपाहिज हैं। हमलावरों ने उन पर चम्मच और लोहे के करछुल से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। उसके सिर पर गभीर चोंट आई है। हमलावरों ने होटल में मुर्गा भात खाने के बाद पैसों के विवाद में अशोक कुमार जायसवाल पर हमला किया। घायल होटल संचालक बस स्टैंड हरदीबाजार में सांई भोजनालय के नाम से होटल का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि एक पैर से अपाहिज है। दो युवक उतरदा रेलबडरी निवासी संजय कश्यप और नेवसा ओझापारा निवासी राजेंद्र पोर्ते होटल में खाना खाने पहुंचे। उन्होंने होटल में 60-60 रुपये का मुर्गा रोटी खाया और पैसा देने के समय 50-50 रुपये देते हुए दोनों गंदी-गंदी, गाली-गलौज करने लगे। गाली देने पर मना किया, तब होटल संचालक अशोक कुमार जायसवाल ने कहा ठीक है 50-50 रुपए दे दो बोलकर एक और ग्राहक बैठा था उसे खाना देने लगा। तभी एक युवक खाना निकालने वाले चम्मच उठाकर पीछे से सिर पर हमला कर दिया। बाकी ग्राहकों में से किसी ने बचाने का प्रयास नहीं किया। पत्नी कृष्णा जायसवाल भी थी जो बीच बचाव करती रही थी। लहूलुहान हालत में शोरगुल होने पर आस-पास से लोग दौड़े आए। दोनों लोग धमकी देकर फरार हो गए। उनमें से एक युवक को 1 किमी दूर कॉलेज चौक के पास पकड़ कर थाना ले आए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों पर बीएनएस 2023 के तहत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस ने अशोक कुमार जायसवाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है।



## रेलवे के बड़े कांट्रेक्टर और होटल सागर के मालिक के घर ईडी की कार्रवाई

**दुर्ग।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छत्तीसगढ़ में छापेमारी कार्रवाई जारी है। रायपुर में रेलवे के बड़े कांट्रेक्टर के यहां और दुर्ग जिले में होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक के दीपक नगर स्थित घर में ईडी की रेड पड़ी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्ग में सुबह 6 बजे तीन इनोवा में सवार होकर टीम पहुंची। बताया जाता है कि इस ग्रुप के अलग-अलग नाम से कई फर्म हैं। इस समहू के परिवार से जुड़े सदस्यों ने छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार में मिड डे मील का एक बड़ा काम किया था। होटल सागर इंटरनेशनल के मालिक विजय अग्रवाल हैं। वो दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के बड़े कारोबारियों में से एक हैं। सीआरपीएफ के जवान कारोबारी के घर पर मुस्तैद हैं। बताया जा रहा है कि मनी-लॉड्रिंग से जुड़े मामले की जांच की जा रही है। रेल नीर घोटाला में भी इस परिवार के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगे थे। फिलहाल, तीन भाइयों के इस परिवार में अब बंटवारा हो चुका है, लेकिन शुरुआती कार्रवाई में ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस ग्रुप के किस भाई के ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। चर्चा ये भी है कि तीनों भाइयों को ईडी ने अपने जांच के दायरे में रखा है।



### 'श्री रामलला दर्शन योजना' के तहत श्रद्धालु रवाना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर प्रदेशवासियों को श्रीराम लला दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से 'श्री रामलला दर्शन योजना' जन-जन के जीवन से जुड़ रही है।सीएम साय ने मंगलवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिये रवाना किया। रायपुर संभाग से कुल 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिये रवाना हुए। सीएम साय ने सभी के सुखद यात्रा के लिये मंगलमय कामना की। इसके बाद सीएम साय ने ट्वीट कर लिखा कि प्रबिसि नगर कीजे सब काजा,हृदयँ राखि कोसलपुर राजा। राजधानी रायपुर से 'श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना' के अंतर्गत पुण्यदायी यात्रा का शुभारंभ हुआ। रायपुर रेल्वे स्टेशन से रायपुर संभाग के 850 श्रद्धालु विशेष ट्रेन के माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए हैं।

## चिंतन

# भारत के अंतरिक्ष मिशनों के लिए भविष्य का मंच तैयार

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की 18 दिवसीय सफल अंतरिक्ष यात्रा ने भारत की स्पेस मिशनों के लिए मंच तैयार कर दिया है। भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहा है। भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' की तैयारी मुकम्मल स्थिति में है। भारत की योजना 2027 में स्वदेश निर्मित रॉकेट और 'क्रू कैप्सूल' के माध्यम से मानव अंतरिक्ष उड़ान 'गगनयान' भेजने की है। शुक्ला का अंतरिक्ष प्रवास 'गगनयान' की दिशा में एक और मील का पत्थर है। भारत के अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 में प्रक्षेपित होने की उम्मीद है तथा एक पूर्ण विकसित कक्षीय प्रयोगशाला 2035 तक आकार ले लेगी। यह मिशन मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की यात्रा में एक निर्णायक अध्याय है और यह न केवल एक कदम आगे है, बल्कि महत्वाकांक्षा को क्षमता में बदलने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर किए गए प्रयोगों ने भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए अंतरिक्ष कृषि और पदार्थ विज्ञान से लेकर स्वास्थ्य तथा एआई तक के नए आयाम खोले हैं। भारत 2040 तक मानव चंद्र मिशन अभियान की तैयारी भी कर रहा है। 'एक्सिओम-4' के चालक दल ने अपने प्रवास के दौरान 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात प्रयोग इसरो द्वारा भारतीय अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर डिजाइन किए गए थे। इन अनुभवों से हमें यह पता चलेगा कि हम अंतरिक्ष यात्रियों को कैसे प्रशिक्षित करते हैं, प्रयोगों की रूपरेखा कैसे तैयार करते हैं, तथा दीर्घकालिक, स्वतंत्र अभियानों के लिए उपयुक्त जीवनरक्षक प्रौद्योगिकियों का विकास कैसे करते हैं। 'एक्स-04 मिशन' अंतरराष्ट्रीय चालक दल एकीकरण, चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक तैयारी, वास्तविक समय स्वास्थ्य टेलीमेट्री, प्रयोग निष्पादन और चालक दल-जमीनी समन्वय की बारीकियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। ये जानकारियां भारत के पहले स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए मिशन योजना, सुरक्षा सत्यापन और अंतरिक्ष यात्री की तत्परता को सीधे प्रभावित करेंगी। इस यात्रा के अनुभवों से न केवल इसरो को सहायता मिलेगी, बल्कि वैश्विक और भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। यह सफलता बाह्य अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शुभांशु शुक्ला को लेकर ड्रैगन अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा, तो वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं, बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आया है। भारतीय वायुसेना के अधिकारी और टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन शुक्ला (39) ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा पूरी की है। यह एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान थी, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) व अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' का सहयोग प्राप्त था तथा एक्सिओम स्पेस द्वारा संचालित किया गया। शुक्ला आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं तथा 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुक्ला के पास सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर और डोर्नियर-228 सहित विभिन्न प्रकार के विमानों पर 2,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। यात्रा के दौरान शुक्ला ने जीवन विज्ञान, कृषि, अंतरिक्ष जैव प्रौद्योगिकी और संज्ञानात्मक अनुसंधान के विविध क्षेत्रों में भारत के नेतृत्व में सात सूक्ष्म गुरुत्व प्रयोग किए हैं। शुक्ला की सफल वापसी से भारत के मानव अंतरिक्ष यात्रा के द्वार खुल गए हैं।



राधिका हत्याकांड
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो

हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

अपराधशास्त्र के जनक माने जाने वाले इतालवी चिकित्सक डा. सेसारे (शेजारे) लोम्ब्रोसो 19 वीं सदी में जब किसी भी अपराध के पीछे की मानसिकता का गहन अध्ययन कर रहे थे, तब उनके अध्ययन क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपनी ही बेटी की नृशंस हत्या का मामला नहीं था। यूं तो वह दौर भी जघन्य अपराधों से भरपूर था, लेकिन संतान की हत्या के केस कम ही नज़र आते हैं। भारतीय समाज में ऐसी घटना विचलित करने वाली होती है। समाजशास्त्र में एक वाक्य उद्धृत है - 'नो सोसायटी एग्जिस्टज़ विदाउट क्राइम'। लेकिन इस वाक्य के भाव में भी पिता अपनी ही बेटी की हत्या कर दे, यह नहीं है। मानवता के लिए, समाज के लिए मध्ययुगीन दौर को सबसे अधिक बर्बर व हिंसक माना गया है। उस दौर में भी अधिकांश हत्याएं राजसत्ता के लिए हुई हैं, समाज में इतनी गिरावट नहीं देखी गई, जबकि समाज, सामंती सोच से अभिप्रेत था।

आज 21वीं सदी में जब समाज प्रगतिशील है, मानवीय मूल्य महत्वपूर्ण हैं, मानवता श्रेष्ठतम धर्म है, सोच-विचार से हम आधुनिक हो रहे हैं, परिवार में संवाद, उदारता, अभिव्यक्ति व स्वतंत्रता को जगह मिल रही है, वैचारिक आज़ादी है, ऐसे दौर में अगर एक पिता अपनी बेटी की हत्या सिर्फ इसलिए कर दे कि वह जीवन में आगे बढ़ना चाहती थी व उनकी कमाई पर जीने का आरोप पिता सह नहीं पा रहा था। हरियाणा के गुरुग्राम में राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या ने देश-समाज को सन्न किया है। क्या बेटी का आगे बढ़ना इतना बड़ा अपराध है कि एक पिता उसकी जान ही ले ले? यदि पुत्र व पुत्री में कोई अंतर नहीं है तो उसकी कमाई में भी कोई फर्क नहीं होना चाहिए। भारतीय समाज की सोच में गज़ब का दोगलापन व विरोधाभास है। एक तरफ तो 'सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। यत्र नारीयस्य पूजयन्ते तत्र रमंते देवता।', दूसरी ओर समाज पितृसत्तात्मक सामंती सोच में जकड़ा हुआ है। बीते सप्ताह 'राधिका यादव हत्याकांड' ने समाज के इसी दोगलेपन को एक बार फ़िर अनावृत किया है।

पिता दीपक यादव ने अपनी 25 साल की बेटी को, ताबड़तोड़ गोलियों से भून दिया। फ़िर अपने भाई विजय से बोला, 'भाई मैंने कन्या वध कर दिया है, मुझे फांसी दिलवाओ'। वो तो मिलेगी ही मासूम बेटी के हत्यारे! राधिका की सहेली हिमांशिका सिंह राजपूत ने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो संदेश में कहा है कि राधिका के पापा उसे कंट्रोल करते थे। उसे तस्वीर खिंचवाना, वीडियो बनाना पसंद था, लेकिन सब धीरे-धीरे बंद हो गया व राधिका की आज़ादी उन्हें नागवार थी। राधिका कहती थी उसके परिवार में बहुत रेसट्रिक्शन हैं। हर चीज़ के बारे में सफाई देते रहो कि क्या कर रहे हो और क्या नहीं? दीपक यादव ने अपनी बेटी की हत्या का जुर्म, पुलिस व मैजिस्ट्रेट के समक्ष कुबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया था कि राधिका यादव एक टेनिस अकादमी चलाती थी, जो उसके व उसके पिता के बीच विवाद का कारण बन गई थी, क्योंकि उसके पिता को अक्सर अपनी बेटी की कमाई पर गुज़ारा करने के लिए ताने मारे जाते थे। लव जिहाद के आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया गया है।

शायद महिलाओं की बलि चढ़ती रहेगी, क्योंकि भारत में पिता, भाई, पति व पुत्र ही महिलाओं को कंट्रोल करते




हैं। दो वर्ष पूर्व देव-भूमि उत्तराखंड में 19 वर्षीय युवती, अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या के उपरान्त, महिला सुरक्षा का मुद्दा सुर्खियों में आया था। समाज की यह चुप्पी निंदा योग्य है। भोपाल की सुषमा सिंह को मगरमच्छों की झील में फेंक दिया गया था। शकीरे नमाज़ी खलीली, एक रियल एस्टेट डेवलपर थीं, जो 1991 में लापता हो गईं। मुख्य संदिग्ध उनका ढोंगी दूसरा पति, स्वामी श्रद्धानदा था, जिसका मूल नाम 'मुरली मनोहर मिश्रा' था। एक स्टिंग ऑपरेशन द्वारा; तीन साल के बाद, कर्नाटक पुलिस को उसने हत्या की बात स्वीकारा। 1994 में पुलिस को शकीरे खलीली के, आवास में दफनाए गए अवशेषों तक अपराधी ले गया। वह जेल में आजीवन कारावास में सज़ा पूरी कर, रिहा हो चुका है। राजदूत अकबर मिर्ज़ा खालिली, आईएफएस की पत्नी, शकीरे खलीली, 4 बेटियों के बाद, बेटे की मां बनने की इच्छुक थीं। वे इस तांत्रिक के जाल में फंस गईं थीं। 'निर्भया कांड'; ज्योति सिंह मर्डर केस के दरिंदों को तो फांसी मिल चुकी है। जेसिका लाल की हत्या के मामले ने सनसनी फैलाई थी। इस केस में सज़ा पाए मनु शर्मा को 'अच्छे व्यवहार' के कारण रिहा कर दिया गया। नैना साहनी की हत्या 2 जुलाई 1995 को की गई। यह हत्याकांड 'तंदूर कांड' के नाम से चर्चित हुआ। नैना साहनी के पति, कांग्रेसी नेता सुशील शर्मा, ने ही उनकी हत्या की थी। सुशील शर्मा भी कानूनी सज़ा पूरी कर आज़ाद है। 26 साल पहले हुए एक खौफनाक कांड में, पुलिस अफसर के बेटे, सुशील कुमार सिंह ने प्रियदर्शिनी मट्टू का रेप व मर्डर किया था। आम जन का पुलिस व कानून से भरोसा हटने लगा है। प्रियदर्शनी मट्टू के पिता, सी.एल. मट्टू ने यह न्यायिक युद्ध लड़ा। परंतु अब सुशील सिंह भी सजा पूरी कर आज़ाद हो चुका है। उत्तर प्रदेश के अमर मणि त्रिपाठी व मधुमिता शुक्ला का प्रसंग; रौंगटे खड़े कर देने वाला है। मधुमिता शुक्ला के गर्भवती होने की कहानी ने सुर्खियां बटोरीं। त्रिपाठी पति-पत्नी ने उसे षडयंत्रपूर्ण मार डाला व अब आजीवन कारावास काट रहे हैं। भाजपा नेता विनोद आर्य के बेटे, पुलकित आर्य के निजी रिसॉर्ट; 'अनंतरा' के परिसर से लापता हुई, अंकिता भंडारी का शव पुलिस को चिल्ला बिजलीघर के पास मिला। पुलकित आर्य को आजीवन कारावास की सज़ा हुई है। महिलाओं की हत्या व उनके साथ दरिंदगी की हदें पार हो गई हैं। सरला मिश्रा, कांग्रेसी नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की अनुयायी थी। भोपाल में उसे आग में जला कर मार दिया गया था। न्यायिक आदेश द्वारा सरला हत्याकांड की पुनः जांच, सीबीआई करेगी। सरला मिश्रा की आत्महत्या या मर्डर का रहस्य जारी है। देश में महिला हत्या की अनेक घटनाएं हुई हैं, लेकिन सबका ज़िक्र संभव नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक, सबसे अधिक क्राइम महिलाओं के खिलाफ़ हो रहे हैं।

जस्टिस ऐ. एन. वर्मा कमिटी रिपोर्ट के आधार पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून तो पारित हो गये हैं, परन्तु धरातल पर वे कार्यान्वित नहीं होते। जब तक पुरुष प्रधान समाज से 'सामंती (फ्यूडल) विचारधारा' को ध्वस्त नहीं किया जाएगा, तब तक इसी प्रकार महिलाओं के साथ अपराध होते रहेंगें। 'नारी का सम्मान', 'लाडली', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'बेटियाँ हमारी गौरव' जैसे प्रोग्रेसिव विचार; अक्षर मात्र हैं। पितृसत्तात्मक सामंती दृष्टिकोण, असंबद्ध समाज महिलाओं का हत्यारा है। राधिका यादव को इंसाफ मिलना चाहिए, यह इंसाफ समाज का प्रायश्चित है कि वो अपनी बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लें। ज़रा सोचिये, क्या राधिका की आत्मा नहीं कहेगी, 'अगले जन्म मुझे बिटिया न कीजो'। आप के घर में भी बच्चियां होंगीं? कृप्या उन्हें सुरक्षित रखें, गोलियों से मत भूनिये।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार, विचारक, राजनैतिक समीक्षक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## आकाश का विजेता

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'




# शुभांशु की यात्रा से भविष्य की ओर तिरंगे की उड़ान

जब आकाश की अथाह गहराइयों से एक तारा धरती की ओर लौटता है, तो वह अपने साथ अनुभवों की रोशनी ही नहीं, बल्कि एक राष्ट्र की आकांक्षाओं और सपनों की प्रज्वलित चमक भी लाता है। 15 जुलाई 2025 का वह ऐतिहासिक क्षण, जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन की साहसिक यात्रा पूरी कर प्रशांत महासागर के नीले विस्तार में स्प्लैशडाउन के साथ धरती को छुआ, भारत के लिए गर्व का एक नया सूर्योदय बन गया। यह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की वापसी नहीं थी; यह एक अरब भारतीयों के विश्वास, संकल्प और महत्वाकांक्षा की विजय थी। 1.30 करोड़ किलोमीटर की यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गई, जो न सिर्फ एक वैज्ञानिक मील का पत्थर है, बल्कि हर भारतीय के हृदय में असंभव को संभव बनाने का ज्वलंत प्रतीक है।

25 जून 2025 को, जब फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट ने आकाश को भेदते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाया, तो वह पल भारत के लिए एक स्वर्णिम युग की शुरुआत बन गया। यह उनकी पहली अंतरिक्ष यात्रा थी, जो एक्सिओम-4 मिशन (एक्स-4) का हिस्सा थी। स्पेसएक्स के ड्रैगन यान 'ग्रेस' के साथ उनकी वापसी, कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन के साथ हुई, जिसने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व गौरव प्रदान किया। शुभांशु, राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने। उनके साथ इस मिशन में अमेरिकी कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू थे। चार दशकों बाद भारत, पोलैंड और हंगरी की संयुक्त अंतरिक्ष उपलब्धि ने इस मिशन को वैश्विक सहयोग का एक चमकता प्रतीक बना दिया। 18 दिनों के इस मिशन में शुभांशु ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों को न केवल पूर्ण किया, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जिनमें से सात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के थे। इनमें टार्डिग्रेड्स जैसे सूक्ष्म जीवों पर अभूतपूर्व अध्ययन, मेथी और मूंग के बीजों का अंतरिक्ष में अंकुरण, और माइक्रोग्रैविटी में मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की गहन खोज शामिल थी। ये प्रयोग भविष्य के मंगल मिशन और पृथ्वी पर चिकित्सा विज्ञान के लिए क्रांतिकारी नींव रखेंगे। शुभांशु 263 किलोग्राम वैज्ञानिक सामग्री, नासा के हार्डवेयर और अंतरिक्ष स्टेशन से एकत्र कचरे के साथ धरती पर लौटे, जो भारत की वैज्ञानिक दृढ़ता और वैश्विक जिम्मेदारी का प्रबल प्रमाण है। उनकी वापसी की यात्रा तकनीकी कौशल और अदम्य साहस का एक अद्वितीय संगम थी। 14 जुलाई 2025 को, भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे, ड्रैगन यान ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के हार्मनी मॉड्यूल से विदाई ली, जिसने एक रोमांचक वापसी की शुरुआत की। 22.5 घंटे की इस यात्रा में यान ने 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया, जहां इसकी हीट शील्ड ने 1,600 डिग्री सेल्सियस की प्रचंड गर्मी को न केवल सहन किया, बल्कि विजय प्राप्त की। 5.7 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्टेबिलाइजिंग पैराशूट और फिर 2 किलोमीटर पर मुख्य पैराशूट ने यान की गति को 25.75 किलोमीटर प्रति घंटे तक नियंत्रित किया, जिससे सैन डिएगो तट पर प्रशांत महासागर में एक शानदार स्प्लैशडाउन संभव हुआ। स्पेसएक्स की रिकवरी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेलीकॉप्टरों और नावों के जरिए शुभांशु और उनके साथियों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रारंभिक चिकित्सीय जांच में सभी अंतरिक्ष यात्री पूर्णतः स्वस्थ पाए गए और उन्हें सात दिन के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस ले जाया गया। यह मिशन भारत के गगनयान कार्यक्रम के लिए एक युगांतरकारी कदम है, जो 2027 में पहला मानवयुक्त मिशन लॉन्च करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो भारत की अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक तैयारियों को नई मजबूती देगा, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के वैश्विक मंच पर और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

(लेखक शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रेम क्या है?



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है- न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते। बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं- यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है- मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशन थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बारिश में सड़कों पर पशुओं का बसेरा

शहर में आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों पर बसेरा बढ़ गया है। बारिश के वजह से पशु पालने वाले घरों से पशुओं को खुला छोड़ देते हैं और वे हरा पानी की तलाश में शहर का सड़कों पर आकर अपना बसेरा बनाते हैं। सड़क पर चलने वाले कुछ नागरिक या तो इनका शिकार बनते हैं या वाहनों की चपेट में आकर पशु घायल होते हैं। राजधानी में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की इन पशुओं का कांजी हाउस या अन्यत्र व्यवस्था की जा सके। नगर निगम का संबंधिक विभाग आंख मूंदे हुए है। उसे आवारा पशुओं के सड़कों पर एकत्रित होने का कोई मतलब नहीं। बेहतर हो की प्रशासन इसके संज्ञान लेकर इन पशुओं को कांजी हाउस तक पहुंचाए या उनके मालिकों को दंडित करे। -मनोज त्रिपाठी, रायपुर

## करंट अफेयर

# व्यापार बढ़ाने के लिए चीन व आस्ट्रेलिया ने मिलाया हाथ

ऑस्ट्रेलिया और चीन के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार को राजधानी बीजिंग में हुई वार्ता के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों पर मतभेदों के बावजूद व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ से कहा कि मतभेदों को दरकिनार करते हुए समानता के बिंदुओं की तलाश करना हमारे दोनों देशों और दोनों जनता के मूल हितों के अनुरूप है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने शी की बात से सहमति जताते हुए कहा, यह दृष्टिकोण वास्तव में ऑस्ट्रेलिया और चीन दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के कई अन्य देशों की तरह ऑस्ट्रेलिया भी अमेरिका और चीन की प्रतिद्वन्द्विता के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रयासरत है। जहां उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक चीन को इस्पात उद्योग के लिए लोहे के अयस्क सहित निर्यात पर निर्भर है, वहीं वह चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर अमेरिकी चिंताओं को भी साझा करता है। प्रधानमंत्री अल्बनीज़ ने 2022 में सत्ता में आने के बाद से चीन के साथ संबंध सुधारने की कोशिशें की हैं।



## ऑफ बीट

# दक्षिणी गोलार्ध में पाई जाती हैं पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियां

बर्फ सी सफेद, काली आंखों और काली चोंच वाली 'स्नो पेट्रल' उन केवल तीन पक्षी प्रजातियों में शामिल है जिन्हें कभी दक्षिणी ध्रुव पर देखा गया है।



दरअसल, अंटार्कटिका ही वह एकमात्र स्थान है जहां यह पक्षी पाया जाता है। यह अकेली ऐसी प्रजाति नहीं है। अंटार्कटिका और उप-अंटार्कटिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसी पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं जो केवल एक या कुछ गिने-चुने स्थानों तक सीमित हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह क्षेत्र ''स्थानिकता'' (एंडेमिज़्म) की दृष्टि से अत्यधिक समृद्ध हैं। यह एक महत्वपूर्ण मापदंड है जिससे यह तय किया जाता है कि किन क्षेत्रों में जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मथायस डेलिंग द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि अंटार्कटिका, उप-अंटार्कटिका और समग्र रूप से दक्षिणी गोलार्ध में पक्षियों की स्थानिकता को अब तक कम करके आंका गया है। यह निष्कर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जिन क्षेत्रों में स्थानिकता अधिक होती है वहां की प्रजातियां विशेष रूप से सीमित दायरे में पाई जाती हैं। इनका अद्वितीय विकासक्रम होता है या ये पारिस्थितिक तंत्र में विशिष्ट भूमिका निभाती हैं।

## X ट्रेंड

### फिटनेस के लिए प्रेरणा



'फौजा सिंह असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व से और 'फिटनेस' के विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित किया। उनकी मृत्यु से बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। -नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चीन पर संसद में हो चर्चा



चीन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की जरूरत है और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री 21 जुलाई से आरंभ हो रहे मानसून सत्र में इसके लिए सहमति देंगे। जब 1962 के युद्ध के समय संसद में खुली चर्चा हो सकती है तो फिर आज क्यों नहीं हो सकती। -जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### पीएम व मंत्रियों को छूट क्यों



लोकसभा में सीट पर ही उपस्थिति दर्ज करने के लिए नया मल्टीमीडिया उपकरण इस मानसून सत्र में प्रभावी हो जाएगा। यदि उपस्थिति दर्ज कराने की यह प्रक्रिया, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए है, तो प्रधानमंत्री और मंत्रियों को इससे छूट क्यों? -माणिकम टैगोर, कांग्रेस सांसद

### पुत्री हत्या में कोई गर्व नहीं



अपने ही बच्चे की हत्या करने में कोई सम्मान नहीं होता। अगर पहले कुछ लोग उसे ताने देते थे, तो अब पूरी दुनिया दीपक यादव को एक पराजित और कायर इंसान के रूप में याद करेगी। दीपक यादव, आपने इतिहास में अपनी जगह एक पराजित और डरपोक व्यक्ति के रूप में पक्की कर ली है। -ऋचा चड्ढा, बॉलीवुड अभिनेत्री

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### कांग्रेस ने उठाए सवाल, सुप्रिया श्रीनेत ने कहा

# भारत के खिलाफ पाकिस्तान की मदद करने वाले चीन से हाथ क्यों मिलाया ?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली





मोदी सरकार में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के चीन दौरे और राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित चीनी नेताओं के साथ ₹शेक हैंडर₹ करने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए सवाल उठाए हैं। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के 85 दिन बाद भी आतंकियों के गिरफ्तार न होने पर भी मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि संभवतः किसी आतंकी की अब तक शिनाख्त भी नहीं हुई है।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स विभाग की अध्यक्ष और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने विदेश मंत्री जयशंकर की चीन यात्रा का जिक्र करते हुए भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ़्टिनेंट जनरल राहुल सिंह के हालिया बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान की पीछे से मदद की थी। उन्होंने जयशंकर की राष्ट्रपति जिनपिंग समेत चीन के अन्य नेताओं के साथ तस्वीरें दिखाते हुए पूछा कि उन्हें हमारे दुश्मन की सहायता करने वाले चीन का दौरा करने की क्या जरूरत थी? उन्होंने जयशंकर के भारत-चीन के द्विपक्षीय संबंध लगातार सुधरने के बयान को भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार को चीन और पाकिस्तान के साथ आने को लेकर आगाह कर रहे थे और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यह बात सही साबित हुई।

#### भारतीय सीमा पर गांव बसाने का आरोप

कांग्रेस नेता ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की मदद करने के अलावा चीन ने उसे पिछले पांच वर्षों में 81 प्रतिशत हथियार दिए। बीते कुछ दिनों में चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स, विशेष फ़र्टिलाइज़र और टनल-बोरिंग मशीनों जैसी चीजों का भारत को निर्यात काफी हद तक सीमित कर दिया है, जिससे हमारे इंफ़्रास्ट्रक्चर निर्माण पर बुरा असर पड़ेगा। भारत की पैट्रोलिंग पार्टीज देपसांग, डेमचोक और चुमार जैसे इलाकों में पैट्रोलिंग करने के लिए चीन की सहमति पर निर्भर हैं। गलवान, हॉट स्प्रिंग, पैंगोंग त्सो झील में बनाए गए अधिकांश बफर जोन भारतीय सीमा के अंदर हैं; आज भी अप्रैल 2020 की यथावत स्थिति बहाल नहीं हो पाई है। इस दौरान चीन ने एलएसी के पास 50 गांव बसा दिए हैं। यही नहीं, चीन ने अरुणाचल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदल दिए। श्रीनेत ने प्रधानमंत्री मोदी के चीन के प्रति प्रेम को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी ने 30 बार चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से मुलाकात की और वे उनके साथ अपना पुराना रिश्ता बताते हैं। चीन की घुसपैठ के बाद खुद मोदी ने चीन को क्लीनचिट देते हुए कहा कि कोई घुसा नहीं है।

#### ज्योति को कर बचा रहा?

कांग्रेस नेता ने ब्लॉगर से जासूस बनीं ज्योति मल्होत्रा के भाजपा से संबंधों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने वीडियो दिखाते हुए कहा कि पाकिस्तान जाते समय ज्योति ने खुद को हरियाणा भाजपा की सदस्य बताया। ज्योति को भाजपा के कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में भी देखा गया था। उन्होंने पूछा कि क्या ज्योति को कोई बचा रहा है, क्योंकि पूछताछ के दौरान क्या खुलासे किए, इस बारे में उसकी गिरफ्तारी के दो महीने बाद भी कुछ सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि ज्योति एकमात्र ऐसा उदाहरण नहीं है, भाजपा-आरएसएस से जुड़े कई लोग पाकिस्तान के लिए जासूसी करते पकड़े गए हैं।

#### ध्रुव सक्सेना कौन था?

श्रीनेत ने याद दिलाया कि भाजपा आईटी सेल में काम करने वाला ध्रुव सक्सेना आईएसआई के लिए जासूसी करते हुए पाया गया था। भाजपा सरकार ने ही मसूद अजहर को रिहा किया था। तत्कालीन भाजपा उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह ने बुरहान वानी के एनकाउंटर को दुर्घटना बताया था। पठानकोट आतंकी हमले की जांच के लिए आईएसआई को भारत आने की अनुमति दी।

### बिहार में शिक्षा और कानून व्यवस्था चौपट

# जदयू और भाजपा शासन में 'अंधेर नगरी चौपट राजा' वाली स्थितिः कन्हैया कुमार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**प्रधानाचार्यों की नियुक्ति लॉटरी के माध्यम हो रही, अपराधियों का मनोबल यहां बढ़ रहा**




कांग्रेस ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था को लेकर जदयू-भाजपा सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि बिहार में 'अंधेर नगरी चौपट राजा' वाली स्थिति है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ प्रधानाचार्यों की नियुक्ति लॉटरी के माध्यम हो रही है, वहीं दूसरी ओर अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि आए दिन गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार ने बिहार में लॉटरी के माध्यम से कॉलेज प्रिंसिपलों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह शिक्षा व्यवस्था का मजाक है। उन्होंने कहा कि जब महिला कॉलेजों में भी पुरुषों को प्रिंसिपल नियुक्त किया जा रहा है, तो यह साफ दर्शाता है कि सरकार मनमाने ढंग से काम कर रही है।

#### विवि भ्रष्टाचार और उगाही के अड्डे बने

*कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार के विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार और उगाही का अड्डा बन गए हैं। छात्रों से डिग्री के नाम पर पैसा वसूला जा रहा है। जहां पूरे देश में ग्रेजुएशन तीन साल में होता है, वहीं बिहार में पांच साल लग रहे हैं। चार कमरों वाले कॉलेजों में 30-40 हजार छात्र नामांकित हैं, जो दिखाता है कि पैसा देकर डिग्री ली जा रही है। कॉलेजों में न हॉस्टल हैं, न लाइब्रेरी, न ही प्रयोगशालाएं। नियमित कक्षाएं भी नहीं चलतीं। उन्होंने दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की छत गिर रही है, मरीजों को चूहे काट रहे हैं और भवन में पानी जमा रहता है। कांग्रेस नेता ने बिहार में लगातार हो रही गोलीबारी की घटनाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा। उन्होंने कहा कि सुशासन के तमाम दावों के बावजूद बिहार में कोई ऐसा दिन नहीं बीतता जब गोलियां न चलें। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम कहते हैं कि संगठित अपराध खत्म हो गया है, जबकि असलियत यह है कि पूरा अपराधी गिरोह संगठित होकर खुद सरकार में बैठ गया है। कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार में जो अपराध की स्थिति है, उससे पता चलता है कि राज्य में पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है और डबल इंजन एक-दूसरे की उल्टी दिशा में चल रहे हैं। इस सरकार का पूरा फोकस बिहार के लोगों को लूटना है, जो कि बेहद चिंताजनक है।*

## बीएसई भवन को उड़ाने की धमकी झूठी निकली



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में स्थित प्रतिष्ठित 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज' (बीएसई) भवन को एक ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी गई, लेकिन परिसर की तलाशी लेने के बाद यह धमकी झूठी साबित हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसई के एक कर्मचारी को रविवार को एक ईमेल आईडी से एक संदेश मिला, जिसमें दक्षिण भारत के एक नेता का नाम था।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने बायोस्टिमुलेंट की बिक्री पर महत्वपूर्ण बैठक की

# किसान हित में आईसीएआर से बायोस्टिमुलेंट की उपयोगिता का परीक्षण भी जरूरीः चौहान



***शिवराज का बायोस्टिमुलेंट पर सख्त रवैया, किसान सर्वोपरि हैं, लापरवाही न बरतें अफसर***

***केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री बोले, संदेहास्पद बायोस्टिमुलेंट निर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई होगी***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली


केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बायोस्टिमुलेंट की बिक्री को लेकर मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। सख्त रवैये के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि बायोस्टिमुलेंट के मामले में हम किसानों के साथ किसी भी हालत में धोखा नहीं होने देंगे। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे कोई भी अनुमति देते समय किसानों की सूरत को ध्यान में रखें, हम देश के छोटे किसानों के साथ किसी भी हालत में अन्याय नहीं होने देंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि कुछ बेईमान गड़बड़ियां कर रहे हैं, जिनसे किसानों को बचाना मेरी जवाबदारी है। ज्ञात हो कि बायोस्टिमुलेंट जैव-उत्तेजक प्राकृतिक या कृत्रिम पदार्थ होते हैं जिनका उपयोग बीजों, पौधों और मिट्टी पर किया जा सकता है

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हाल ही में देशभर में चलाए गए पंद्रह दिवसीय 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान जब वे राज्यों में प्रवास कर गांव-गांव, खेतों में गए थे और किसानों से सीधा संवाद किया था, इस दौरान कई किसानों ने नकली खाद, नकली बीज, नकली उर्वरक, बायोस्टिमुलेंट तथा नैनो यूरिया की बिक्री को लेकर शिकायतें की थी। उन्होंने बैठक में कहा कि भोले-भाले किसानों से शिकायतें मिलने के बाद मैं चुप नहीं बैठ सकता, किसान सर्वोपरि हैं। देश का कृषि मंत्री होने के नाते मेरी जवाबदारी है कि इस संबंध में कार्रवाई करूं।

शिवराज सिंह ने अनेक गंभीर सवाल खड़े करते हुए बैठक में अधिकारियों से कहा कि देश में बायोस्टिमुलेंट कई सालों से बिक रहा है और एक-एक साल करके इसकी बिक्री की अनुमति की अवधि बढ़ाई जाती रही है, लेकिन फील्ड से कई बार शिकायतें आती है कि इससे कोई फायदा नहीं है, फिर भी ये बिक रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी समीक्षा करना आवश्यक है कि इससे कितना फायदा किसानों को हो रहा है, यदि नहीं तो बेचने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। बिना अर्थ के हजारों कंपनियां इसकी बिक्री करने लग गई, लेकिन कृषि मंत्री होते हुए अब मैं किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने दूंगा।

केंद्रीय मंत्री ने अनेक सवाल खड़े करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बायोस्टिमुलेंट के इतिहास, आज की स्थिति, पंजीकृत उत्पादों की संख्या, बाजार में इसकी बिक्री को नियंत्रित करने के उपाय, सेम्पलिंग या टेस्टिंग की व्यवस्था है या नहीं, असली-नकली की पहचान के तरीके और गड़बड़ होने की स्थिति में कार्रवाई के लिए प्रावधान की पूरी जानकारी दें।

शिवराज सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के भरोसे के लिए बायोस्टिमुलेंट का आईसीएआर से परीक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसान हमारे लिए सर्वोपरि है, इसलिए यह देखा जाए कि किसानों के लिए ये तकनीकी रूप से कितने उपयोगी हैं। उन्होंने अधिकारियों के प्रति इस बात के लिए काफी नाराजगी व्यक्त की कि कुछ सालों तक 30 हजार बायोस्टिमुलेंट उत्पाद बिकते रहे और अधिकारियों द्वारा इसपर आपत्ति नहीं जताई गई। उन्होंने कहा कि गत 4 साल से करीब 8 हजार बायोस्टिमुलेंट बिकते रहे, जब मैंने इस बारे में सख्ती की तो अब तकरीबन 650 बायोस्टिमुलेंट ही बचे हैं। शिवराज सिंह ने कहा- ऐसी लापरवाही न बरती जाए, जिससे किसानों को नुकसान हो।



## खबर संक्षेप

### वैश्विक तनाव के बावजूद भारत 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा: देव

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने मंगलवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। देव ने पीटीआई-भाषा के साथ विशेष बातचीत में कहा कि अच्छे मानसून और नीतिगत ब्याज दर में लगातार तीन कटौतियों की वजह से मुद्रास्फीति कम रहने से घरेलू वृद्धि को समर्थन मिलेगा।

### टेस्ला ने मुंबई में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोला

**मुंबई (भाषा)।** इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' मंगलवार को खोलने के साथ ही आधिकारिक तौर पर भारत में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया। फडणवीस ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि टेस्ला भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करे।

### सरकार ने जारी किया जून माह के लिए आंकड़ा

# निर्यात जून में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर व्यापार घाटा चार महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश का वस्तु निर्यात जून महीने में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा। वहीं व्यापार घाटा चार महीने के निचले स्तर 18.78 अरब डॉलर रहा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल जून में निर्यात 35.16 अरब डॉलर था।

- आयात में 3.71 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात 3.71 प्रतिशत घटकर 53.92 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले जून माह में यह 56 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, लौह अयस्क, तिलहन, काजू, मसाले, तंबाकू और कॉफी सहित प्रमुख निर्यात क्षेत्रों में आलोच्य महीने के दौरान गिरावट दर्ज की गई। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात जून में 15.92 प्रतिशत घटकर 4.61 अरब डॉलर और पहली तिमाही के दौरान 15.63 प्रतिशत कम होकर 17.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। हालांकि, इंजीनियरिंग, चाय, चावल, सभी प्रकार के सिलेसिलाए परिधान, रसायन, समुद्री उत्पाद और औषधि के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है।

**खास बातें**

- पेट्रोलियम, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा के निर्यात में गिरावट
- इंजीनियरिंग, चाय, चावल, रसायन के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई



### इलेक्ट्रॉनिक सामान के निर्यात में बढ़ोतरी

इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात जून में 46.93 प्रतिशत बढ़कर 4.14 अरब डॉलर हो गया। वहीं अप्रैल-जून तिमाही के दौरान यह 47.11 प्रतिशत बढ़कर 12.4 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान निर्यात 1.92 प्रतिशत बढ़कर 112.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात 4.24 प्रतिशत बढ़कर 179.44 अरब डॉलर रहा।

### वस्तु का व्यापार घाटा बढ़कर 67.26 अरब डॉलर

अप्रैल-जून, 2025 के दौरान वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 67.26 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 62.10 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात 210 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि है।

### भारत का वस्तु व सेवा निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर

बर्थवाल ने कहा, "अगर वृद्धि इसी तरह जारी रही, तो हम पिछले साल के निर्यात के आंकड़े को पार कर जाएंगे।" वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर रहा था। आयात के मोर्चे पर, कच्चे तेल और सोने का आयात क्रमशः 8.37 प्रतिशत और 25.73 प्रतिशत घटकर 13.8 अरब अमेरिकी डॉलर और 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इसके अलावा, जून में सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 32.84 अरब डॉलर है, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 28.67 अरब डॉलर था। जून में सेवाओं का आयात 17.58 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि बीते वर्ष इसी महीने में यह 15.14 अरब डॉलर था।

### सेवाओं के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

भारतीय निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा, "भारत की डिजिटल क्षमताओं और कुशल कार्यबल के साथ, सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने की काफी संभावनाएं हैं। डिजिटल बुनियादी ढांचे, प्रतिभा विकास और लक्षित अंतरराष्ट्रीय प्रोत्साहन में निवेश इस बढ़ती हुई गति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।"




### किआ कैरेंस क्लैविस ईवी भारत में लांच

**नई दिल्ली।** ग्राहकों का इंतजार खत्म हो गया है। दरअसल, दिग्गज कार निर्माता कंपनी किआ ने भारतीय मार्केट में अपनी पहली मेड-इन-इंडिया इलेक्ट्रिक एमपीवी कैरेंस क्लैविस ईवी को लांच कर दिया है। ग्राहकों को किआ कैरेंस क्लैविस ईवी में बेहतरीन कंफर्ट के साथ ढेर सारी मेडल टेक्नोलॉजी मिलेगी। यह इलेक्ट्रिक एमपीवी ग्राहकों को सिंगल चार्ज पर 490 किलोमीटर तक ड्राइविंग रेंज ऑफर करेगी। कंपनी ने भारतीय मार्केट में किआ कैरेंस क्लैविस ईवी को 17.99 लाख रुपए की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत पर लांच किया है जो टॉप मॉडल में 24.49 लाख रुपए तक जाती है। डिजाइन की बात करें तो किआ कैरेंस क्लैविस ईवी में फ्रंट ग्रिल, एयरोडायनामिक अलॉय व्हील्स और एलईडी लाइट बार के साथ कुछ बदलाव किए गए हैं। जबकि इंटीरियर में डुअल 12.3-इंच की स्क्रीन, वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जिंग, पैनोरमिक सनरूफ और बोस साउंड सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

### देश में बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही

**नई दिल्ली।** इस साल जून के महीने में देश में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस साल अप्रैल में पहली बार मासिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। इसके जरिये देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की वास्तविक समय में निगरानी की कोशिश की गई है। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्रित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि मई एवं जून, 2025 के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही, जो इस साल अप्रैल के 5.1 प्रतिशत आंकड़े से थोड़ा अधिक है। जून महीने में महिलाओं और पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर राष्ट्रीय स्तर पर 5.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर पिछले महीने घटकर 5.6 प्रतिशत पर गई, जबकि इस साल मई में यह 5.8 प्रतिशत थी। वहीं, 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोज़गारी दर जून में बढ़कर 15.3 प्रतिशत हो गई, जो मई, 2025 में 15 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गई, जो मई में 17.9 प्रतिशत थी।

## भारत-ईयू के बीच एफटीए पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में यहां होगी। दोनों पक्षों ने पिछले सप्ताह सेवा क्षेत्रों से संबंधित प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव एल. सत्य श्रीनिवास ने बताया कि वार्ता का 12वां दौर पिछले सप्ताह ब्रसेल्स में संपन्न हुआ था।

श्रीनिवास ने यहां पत्रकारों से कहा, "हमने सेवाओं और गैर-सेवाओं पर अपने प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया है... इस पर चर्चा हुई। हमने वस्तुओं से संबंधित बाजार पहुंच में प्रमुख हितों पर भी चर्चा की... अगले दौर की वार्ता सितंबर के पहले सप्ताह में होगी।" भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने आठ वर्ष से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) पर एक समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की थी। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह समझौता रुक गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष ने इस वर्ष के अंत तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर 28 फरवरी को सहमति व्यक्त की थी।

## बाजार में चार दिन से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 317 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 113 अंक की तेजी रही। खुदरा महंगाई दर के छह साल के निचले स्तर पर आने के साथ वाहन और औषधि शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 317.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 490.16 अंक तक चढ़ गया था।

- वाहन, औषधि शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 317 अंक चढ़ा



निफ्टी 113.50 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,195.80 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का शेयर 3.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। जून तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 9.7 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे इसका शेयर नीचे आया। इसके अलावा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। अच्छे मानसून के कारण सब्जियों सहित खाने का सामान सस्ता होने खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई

### बाजार में सुधार के संकेत

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों से बाजार धारणा में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते की संभावना को लेकर उम्मीद बढ़ रही है। इससे शुल्क से जुड़े जोखिमों में कमी आ सकती है।

## 50,000 रुपये मासिक से कम कमाने वाले 93 प्रतिशत वेतनभोगी करते हैं क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल: रिपोर्ट

**मुंबई (भाषा)।** कम आय वर्ग के लोगों में क्रेडिट कार्ड पर निर्भरता बढ़ रही है। 'थिंक 360 डॉट एआई' के एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन में कहा गया है कि 50,000 रुपये मासिक से कम कमाने वाले लगभग 93 प्रतिशत वेतनभोगी इस 'प्लास्टिक मनी' पर निर्भर हैं। इस अध्ययन के तहत 12 महीने के दौरान भारत में 20,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वित्तीय व्यवहार का विश्लेषण किया गया।इसके मुताबिक, 85 प्रतिशत स्वरोजगार वाले व्यक्ति क्रेडिट कार्ड पर निर्भर हैं। मंगलवार को जारी अध्ययन में कहा गया कि 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें' (बीएनपीएल) सेवाओं का इस्तेमाल 18 प्रतिशत स्वरोजगार व्यक्ति और 15 प्रतिशत वेतनभोगी व्यक्ति करते हैं। 'थिंक 360 डॉट एआई' के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित दास ने कहा, "भारत के विकसित होते कर्ज परिदृश्य में, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल अब वेतनभोगी पेशेवरों से लेकर अस्थायी कर्मियों तक, सभी के लिए जरूरत बन गए हैं।" रिपोर्ट में वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों (फिनटेक) के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख भी किया गया है, जो भारत की डिजिटल ऋण क्रांति का नेतृत्व कर रही हैं। अध्ययन में कहा गया कि फिनटेक कंपनियों ने 2022-23 में 92,000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यक्तिगत ऋण वितरित किए, जो मात्रा के हिसाब से सभी नए कर्ज का 76 प्रतिशत है।

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 85.82 प्रति डॉलर

मुंबई। विदेशी बाजार में डॉलर के कमजोर रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया मंगलवार को 10 पैसे मजबूत होकर 85.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, विदेशी पूंजी की निकासी तथा भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजों पर अनिश्चितताओं से स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही।

### रिलायंस ने नेपाल में पेश किया 'कैम्पा' ब्रांड

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (आरसीपीएल) ने नेपाल में अपने शीतल पेय ब्रांड 'कैम्पा' को पेश किया है। कंपनी ने इसके लिए नेपाल के चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी की है। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी में नेपाल में भारतीय पेय ब्रांड कैम्पा को पेश कर दिया है। कंपनी ने कहा, 'यह नेपाल के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।' रिलायंस कंज्यूमर ने कहा कि उसे खाद्य एवं पेय पदार्थ क्षेत्र में विनिर्माण और वितरण के मामले में चौधरी समूह से मदद मिलेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सोना 200 रुपए टूटा, चांदी में 3000 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की ताजा बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 99,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 99,570 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जबकि पहले इसकी कीमत 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमतें मंगलवार को 3,000 रुपये गिरकर 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। सोमवार को चांदी 5,000 रुपये की तेजी के साथ 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। मेहता इक्विटीज़ के उपाध्यक्ष-जिंस राहुल कलंत्री ने कहा, "सोने और चांदी में दिन के दौरान भारी उतार-चढ़ाव देखा गया, शुरुआत में इनमें तेजी देखी गई, लेकिन बाद में अमेरिकी डॉलर सूचकांक में उछाल आने के कारण ये अपने उच्चतम स्तर से नीचे आ गए।

### रिलायंस और जियो के नकली ट्रेडमार्क वाले उत्पादों को बेचना बंद करें अमेज़न और फ्लिपकार्ट: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित कई अन्य ई-कॉमर्स वेबसाइटों को 'रिलायंस' और 'जियो' ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाले उत्पादों को नहीं बेचने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने आदेश दिया कि रिलायंस और जियो के ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाले सभी उत्पादों के निर्माण और उनके विज्ञापनों पर भी रोक लगा दी जाए। दरअसल कई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर रिलायंस और जियो के ट्रेडमार्क से मिलते जुलते नामों और कंपनी-लोगो का इस्तेमाल करके, उत्पादों को बेचा जा रहा था। रिलायंस और जियो की साख का फायदा उठाकर ये कंपनियां ग्राहकों के भरोसे से खेल रही थीं।

## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** – रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** – कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** – मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** – नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** – स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** – कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

### डेलॉयट के अधिकारी ने कहा, रोजमर्रा की जिंदगी को नया रूप मिलेगा

# एआई से नया रोजगार, पुराने पर आएगा संकट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक पेशेवर सेवाप्रदाता डेलॉयट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) उद्योगों और रोजमर्रा की जिंदगी को नया रूप देने वाली एक बदलावकारी प्रौद्योगिकी ताकत है, जो खत्म होने वाली नौकरियों से कहीं अधिक नए अवसरों को जन्म देगी। डेलॉयट के दक्षिण एशिया क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोमल शेट्टी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि अधिक उन्नत चरणों में एआई एक बेहद मददगार और जरूरी साधन के तौर पर काम कर सकता है और यह मानवीय प्रतिभा की जगह लेने के बजाय उसकी मदद करता है। उनका यह बयान एमआईटी के मीडिया लैब के हाल में आए एक शोध नतीजों की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण है।

- एआई खत्म होने वाली नौकरियों से कहीं अधिक नए अवसर देगी



### अत्यधिक निर्भर रहने पर याददाश्त कम होगी

इस अध्ययन से पता चला कि एआई उपकरण दक्षता में सुधार कर सकते हैं, लेकिन जेनरेटिव एआई पर अत्यधिक निर्भर लोगों की याद्दाश्त समय के साथ कम होने लगी है। उन्होंने नौकरियों पर एआई के प्रभाव के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि एआई के आने से कुछ तरह की नौकरियां भले ही गायब हो जाएं लेकिन इतिहास बताता है कि नई तरह की भूमिकाएं और व्यावसायिक मॉडल उभरकर सामने आएंगे।

### कुछ सीमाएं तय करनी होगी

शेट्टी ने शिक्षा में एआई को शामिल किए जाने पर कुछ सीमाएं निर्धारित करने की जरूरत देते हुए कहा कि शुरुआती स्कूली वर्षों में इस पर अत्यधिक निर्भरता होने से बच्चों की आलोचनात्मक सोच प्रभावित हो सकती है।

### एक नौकरी जाएगी तो दो पैदा होगी

शेट्टी ने एक हालिया अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि हर एक नौकरी के नुकसान पर लगभग दो नई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला पिछली प्रौद्योगिकी क्रांतियों के रुझानों की भी पुष्टि करता है। शेट्टी ने कहा, "एआई शायद हमारे जीवनकाल में घटने वाली सबसे विघटनकारी चीज है। कम-से-कम इस दशक की यह सबसे बदलावकारी चीज है। साथ ही यह कई नई चीजें भी पैदा कर सकता है।"

**नई तरह की नौकरियां पैदा होंगी:** शेट्टी ने कहा, "अतीत की तुलना में नई तरह की नौकरियां पैदा होंगी। पुरानी विशिष्ट नौकरियां शायद खत्म हो जाएंगी, लेकिन नई नौकरियां पैदा होंगी।' इसके साथ ही शेट्टी ने एआई में नैतिकता, सिद्धांतों और शासन को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने की जरूरत है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।


| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम:** | (1): निदेशक/प्रशासन/एनआरसीएच के अधीन उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल में पुराने ऑपरेशन थिएटरों का उन्नयन। (2): निदेशक/प्रशासन/उत्तर रेलवे मध्य अस्पताल के अधीन एनआरसीएच में नए मॉड्यूलर रोबोटिक ओटी और संबद्ध कार्य का प्रावधान। |
| **अनुमानित लागत:** | (1): रु.4,01,20,230.27, (2): रु.4,06,40,855.75 |
| **धरोहर राशि:** | (1): रु. 3,50,600/-, (2): रु. 3,53,200/- |
| **समापन अवधि:** | (1 & 2): 04 माह |
| **निविदा खुलने की तिथि:** | (1 & 2): 08.08.2025 |

सूचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 08.08.2025 15:00 बजे तक ही भरी जायगी।

सं.: 128-W-269-O.E.T-05-A-B-NRCH-25-26 दिनांक: 14.07.2025 2137/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### शब्द पहेली - 5929




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5928 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |



## खबर संक्षेप



### पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले। बिजॉय ने कहा, ''मैं पंजाब एफसी में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं और अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। क्लब में रक्षा पंक्ति में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है जो मेरे विकास के लिए बहुत अच्छा है और यह मुझे हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

### ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर



**तोक्यो।** ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

### शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची



**दुबई।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गयी है। उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी।

### भारत 'ए' को यूरोपीय दौरे पर इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)।** भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम को मंगलवार को यहां एक करीबी मुकाबले में इंग्लैंड से 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। यह यूरोपीय दौरे पर टीम की लगातार दूसरी हार है। युवा भारतीय फॉरवर्ड मनजिंदर सिंह और उत्तम सिंह के गोल से भारत 'ए' ने यहां के वैगनर स्टेडियम में विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह टीम को हार से बचाने के लिए काफी नहीं था। मैच के बाद भारत 'ए' के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, ''हमने शुरुआत में इस दौरे पर तीन बहुत अच्छी जीत हासिल की थी और अब दो बहुत करीबी हार मिली हैं।

# टेस्ट क्रिकेट : भारत के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने जड़े हैं सबसे ज्यादा शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत के खिलाफ शानदार शतक (104) जड़ते हुए खास उपलब्धि हासिल की। यह भारत के खिलाफ उनका 11वां टेस्ट शतक रहा। सीरीज के पहले 2 टेस्ट में रूट का बल्ला खामोश रहा था। रूट अब भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। आइए नजर डालते हैं उन बल्लेबाजों पर, जिन्होंने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाए हैं।

### स्टीव स्मिथ और जो रूट (11-11 शतक)

इस सूची में रूट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ हैं। दोनों ने भारत के खिलाफ 11-11 शतक लगाए हैं। रूट ने 33 टेस्ट की 60 पारियों में यह कारनामा किया है। स्मिथ ने 24 टेस्ट की 46 पारियों में 11 शतक लगाए हैं। इस कंगारू बल्लेबाज ने 58.90 की औसत से 2,356 रन बनाए हैं। रूट के बल्ले से 54.87 की औसत से 3,059 रन निकले हैं।





### गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और पोंटिंग (8-8 शतक)

दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 बल्लेबाज गैरी सोबर्स, विवियन रिचर्ड्स और रिकी पोंटिंग हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट में संयुक्त रूप से 8-8 शतक लगाए हैं। सोबर्स ने 18 टेस्ट की 30 पारियों में 83.47 की औसत से 1,920 रन बनाए थे। रिचर्ड्स के बल्ले से 28 टेस्ट की 41 पारियों में 50.71 की औसत 1,927 रन निकले थे। पोंटिंग ने 29 मैचों की 51 पारियों में 54.36 की औसत से 2,555 रन बनाए थे।

### इन 6 बल्लेबाजों ने जड़े हैं 7-7 शतक

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 6 बल्लेबाज हैं। एवर्टन वीक्स (वेस्टइंडीज), माइकल क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया), शिवनारायण चंद्रपॉल (वेस्टइंडीज), क्लाइव लायड (वेस्टइंडीज) और एलिस्टेयर कुक (इंग्लैंड) ने भारत के खिलाफ 7-7 शतक जड़े थे। कुक ने इन खिलाड़ियों में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा 2,431 रन बनाए थे। उन्होंने 30 टेस्ट की 54 पारियों में 47.66 की औसत से ये रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 294 रन रहा था। कुक भारत के खिलाफ आखिरी बार 2018 में खेले थे।

### जयवर्धने सहित छह ने जड़े हैं 6-6 शतक

डेविड बून (ऑस्ट्रेलिया), मुदस्सर नजर (पाकिस्तान), जहीर अब्बास (पाकिस्तान), महेला जयवर्धने (श्रीलंका), केविन पीटरसन (इंग्लैंड) और मैथ्यू हेडन (ऑस्ट्रेलिया) इस सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। इन खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 6-6 शतक लगाए हैं। हेडन ने इन खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा 1,888 रन बनाए हैं। उन्होंने 59 की औसत से बल्लेबाजी की है। उनके बल्ले से 8 अर्धशतक भी निकले थे। उनकी औसत 65.92 की रही थी।

सात बल्लेबाज 0 पर आउट, सिर्फ एक ही छू सका दहाई का आंकड़ा

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रन पर किया ढेर, सीरीज 3-0 से जीती

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रन पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रन से जीत कर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रन के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रन और दूसरा टेस्ट मैच 133 रन से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

### स्टार्क ने 15 गेंद पर लिए 5 विकेट

अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए।



### ग्रीव्स ने 11 रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे। यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

### 70 साल पुराना रिकॉर्ड टूटने से बचा

वेस्टइंडीज का यह टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर है। उसने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए 47 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। छठे ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 11 रन था उस पर टेस्ट इतिहास के न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन 14वें ओवर में 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की गलत फील्डिंग के कारण वेस्टइंडीज को एक रन लेने का मौका मिला और वह 27 रन तक पहुंच गया, जिससे न्यूजीलैंड का 70 साल पुराना 26 रन का रिकॉर्ड टूटने से बच गया, जो उसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ ऑकलैंड में बनाया था।

### श्रृंखला शानदार रही : स्टार्क

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा, ''यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा।''स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

ओलंपिक-2028

# 128 साल बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक में होगा क्रिकेट



एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा।

### वर्ष 1900 में ओलंपिक में खेला गया था क्रिकेट

*ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। 1904 के ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की कोशिश की गई थी। हालांकि, खेलने के लिए कोई टीम नहीं मिली और इसे ओलंपिक से बाहर कर दिया गया था।*

### पुरुष-महिला वर्ग में 90 खिलाड़ियों का कोटा

*पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्रिकेट, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वाश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी।*

### लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किमी दूर होंगे मैच

*सभी क्रिकेट मैच लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमाना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में होंगे। आयोजकों ने इस बारे में बयान जारी करते हुए कहा, लगभग एक सदी से, यह स्थान वार्षिक एलए काउंटी केंद्र रहा है। यह विशाल मैदान ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की विजयी वापसी की पृष्ठभूमि बनेगा।*

इंग्लैंड बनाम भारत

# इंग्लैंड टेस्ट टीम में गेंदबाज लियाम शामिल, बशीर बाहर



एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज 2025 के चौथे टेस्ट के लिए अपनी टीम का ऐलान किया है। आगामी 23 जुलाई से मैनचेस्टर में होने वाले अगले मुकाबले के लिए मेजबान टीम ने अपने दल में स्पिनर लियाम डॉसन को जोड़ा है। उन्हें चोट के कारण सीरीज से बाहर हुए शोएब बशीर की जगह पर टीम में शामिल किया गया है।

**डॉसन ने खेले हैं 3 टेस्ट** : 35 वर्षीय डॉसन ने इंग्लैंड के लिए आखिरी बार जुलाई 2017 में टेस्ट खेला था। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 3 टेस्ट खेले, जिसमें बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 1 अर्धशतक की बदौलत 84 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर ने 7 विकेट लिए थे। इंग्लिश टीम के चयनकर्ता, ल्यूक राइट ने कहा, डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। वह काउंटी चैंपियनशिप में शानदार फॉर्म में हैं और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

### चौथे टेस्ट के लिए इंग्लिश टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल,हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

### कीबोर्ड योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं : जोफ्रा आर्चर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।''उन्होंने कहा, ''वापसी में काफ़ी समय लग गया। काफ़ी रिहैबिलिटेशन और ट्रेनिंग करनी पड़ी, लेकिन ऐसे पल ही हैं जो इसे सार्थक बनाते हैं। दर्शकों ने मेरा पूरा हौसला बढ़ाया। मैं सफल वापसी करके खुश हूं।

### जडेजा बशीर के खिलाफ आक्रामक शॉट खेल सकते थे : कुंबले



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था। जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था। उन्होंने आगे कहा, ''तीनों टेस्ट मैच बेहद रोमांचक रहे और दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन अगर आप हर सत्र के प्रदर्शन को देखें तो यह बराबरी मुकाबला रहा है।

# टी20 में ऐतिहासिक जीत के बाद वनडे में दबदबा बनाने की उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| साउथम्पटन



इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भी इसी लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला में 3-2 से जीत दर्ज करके नया इतिहास रचा था। यह पहला अवसर था जबकि भारत ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे शुरू होगा। इस साल के आखिर में भारत में वनडे विश्व कप खेला जाना है और उसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 50 ओवरों के प्रारूप में भी अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेगी। भारत ने अपना आखिरी वनडे मैच मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में जीत हासिल करने से भारतीय टीम का विश्व कप से पहले मनोबल और बढ़ेगा।

पीएम मोदी ने दृढ़ संकल्पी असाधारण धावक बताया

# 114 वर्ष के फौजा सिंह की मौत पर सभी ने शोक जताया

- 89 वर्ष की उम्र में मैराथन शुरू की और फिर दुनिया में अपने जोश एवं जज्बे का डंका बजाया

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब पुलिस दुनिया के सबसे बुजुर्ग मैराथन धावक फौजा सिंह को टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश कर रही है। फौजा सिंह जालंधर स्थित अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में सोमवार शाम टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। वह 114 वर्ष के थे। फौजा सिंह ने 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़नी



शुरू की और फिर दुनिया भर में अपने जोश एवं जज्बे का डंका बजाया। कुछ ग्रामीणों ने मंगलवार को कहा कि संभवतः एक एसयूवी ने फौजा सिंह को टक्कर मारी। उन्होंने दावा किया कि फौजा सिंह टक्कर लगने के बाद पांच से सात फुट तक हवा में उछल गए थे। मैराथन धावक की मृत्यु पर विभिन्न दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फौजा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व और 'फिटनेस' से भारत के युवाओं को प्रेरित किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि सिंह दृढ़ संकल्प वाले असाधारण धावक थे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''फौजा सिंह असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व से और 'फिटनेस' के विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित किया।'' उन्होंने कहा, ''उनकी मृत्यु से बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं।''

### कैसे हुआ हादसा?

आदमपुर थानाप्रभारी हरदेवप्रीत सिंह ने बताया कि फौजा सिंह सोमवार दोपहर साढ़े 3 बजे ब्यास गांव में जालंधर-पठानकोट हाईवे पर टहल रहे थे। उसी दौरान पीछे से आए किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन शाम को उन्होंने दम तोड़ दिया।

### बेटे की मौत के बाद बदल गई दुनिया

फौजा ने अगस्त 1994 में अपने 5वें बेटे कुलदीप सिंह की मौत के बाद दुख से उबरने के लिए 83 साल की उम्र में दौड़ना शुरू किया था। साल 2000 तक वह गंभीर नहीं थे, लेकिन 89 साल की उम्र में उन्होंने दौड़ को गंभीरता से लिया और उसी साल लंदन मैराथन को 6 घंटे 54 मिनट में पूरा कर सुर्खियां बटोर लीं। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और जल्द ही युवाओं और बुजुर्गों की प्रेरणा बन गए।

### 2011 में बने सबसे उम्रदराज धावक

फौजा 16 अक्टूबर, 2011 को ओंटारियो मास्टर्स एसोसिएशन इनविटेशनल मीट में मैराथन पूरा करने वाले वे दुनिया के पहले शताब्दीवीर बने। इस उपलब्धि ने उन्हें सबसे उम्रदराज मैराथन धावक बना दिया। उन्होंने टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन 8 घंटे, 11 मिनट और 6 सेकंड में पूरी की थी। इस उपलब्धि से पहले उन्होंने टोरंटो के बिर्चमाउंट स्टेडियम में उसी इवेंट में एक ही दिन में आठ विश्व आयु-समूह रिकॉर्ड बनाए थे। इसमें उनकी आयु वर्ग के लिए 5 विश्व रिकॉर्ड शामिल थे।

**'भारतनेट' योजना का जल्द शुरू होगा तीसरा चरण**

# तीन सालों में 6 लाख गांवों तक पहुंचेगा हाईस्पीड इंटरनेट

*दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि भारत में इंटरनेट डेटा की कीमत दुनिया के मुकाबले बहुत कम है। यहां एक जीबी डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट (लगभग 7-8 रुपए) है, दुनिया का औसत 2.6 डॉलर (लगभग 215 रुपए) प्रति जीबी है*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्र सरकार की एक बड़ी योजना है कि अगले तीन सालों में देश के छह लाख गांवों को हाई स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाए। इसके लिए सरकार गांवों को हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर-बेस्ड ब्रॉडबैंड से जोड़ने की योजना बना रही है। सरकार का लक्ष्य है कि देश में डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत किया जाए और बड़े शहरों के बाहर भी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) को बढ़ाया जाए।

सीआईआई-जीसीसी बिजनेस समिट में दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने बताया कि भारतनेट फेज 3 नाम की इस योजना पर 1.39 लाख करोड़ खर्च होंगे। इसके तहत तीन सालों के अंदर हमारी सभी ग्राम पंचायतें (लगभग 2.5 लाख) और उनसे जुड़े गांव (लगभग 6 लाख) हाई-स्पीड ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्कसे जुड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह इन्फ्रास्ट्रक्चर जीसीसी को छोटे शहरों (टियर 2 और टियर 3) में विस्तार करने में मदद करेगा, जिससे वे बड़े शहरी केंद्रों से आगे बढ़ सकेंगे।

**भारतनेट फेज 3 योजना पर 1.39 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे**

**भारत में औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 138 एमबीपीएस है**





### ऑप्टिकल फाइबर से जुड़ेंगे मोबाइल टॉवर

*नीरज मित्तल ने बताया कि इस योजना में मोबाइल टावरों को भी ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाएगा। इससे नेटवर्क की स्पीड बेहतर होगी और भविष्य में आने वाली 6G सेवाओं के लिए भी तैयारी हो जाएगी। सरकार वाई-फाई को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त स्पेक्ट्रम को खाली करने पर भी काम कर रही है। साथ ही टेलीकॉम सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट, स्टार्टअप्स और छोटे व मध्यम उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।*

### सबसे कम डेटा लागत और मजबूत स्पीड

नीरज मित्तल ने बताया कि भारत में इंटरनेट डेटा की कीमत दुनिया के मुकाबले बहुत कम है। यहां एक जीबी डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट (लगभग 7-8 रुपए) है, जबकि दुनिया का औसत 2.6 डॉलर (लगभग 215 रुपए) प्रति जीबी है। यह जीसीसी के लिए एक बहुत बड़ी सुविधा है। भारत में औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 138 एमबीपीएस है।

### 5जी कवरेज लगभग पूरे देश में

दूरसंचार सचिव ने बताया कि हम जीसीसी के 99.6 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। देश में सिर्फ दो जिले ऐसे हैं जहां 5जी नहीं है। तीन कंपनियां अब नए लाइसेंस के साथ बिजनेस करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो इन टियर 2, टियर 3 शहरों और उन लोगों को जोड़ेंगी जो इन जीसीसी के लिए काम करना चाहते हैं, जहां भी वे चाहें।

**खबर संक्षेप**

### यूलिया स्विरीडेंको बनीं यूक्रेन की नई पीएम



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूलिया स्विरीडेंको को देश का नया पीएम नियुक्त किया है। वहीं लंबे समय से इस पद पर रहे निवर्तमान पीएम डेनिस शम्हाल को नया रक्षा मंत्री बनाया गया है। वहीं निवर्तमान रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव को अमेरिका में यूक्रेन का नया राजदूत बनाया जा सकता है। स्विरीडेंको इससे पहले यूक्रेन के उप पीएम पद पर तैनात थीं। हालांकि अभी नई नियुक्तियों को यूक्रेनी संसद की मंजूरी जरूरी होगी। यूलिया ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता युद्धग्रस्त यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को बेहतर करना है।

### बांग्लादेश की गिरफ्त में 34 भारतीय मछुआरे



**कोलकाता।** मछुआरों के एक संघ ने पश्चिम बंगाल के 34 मछुआरों को बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा समुद्री सीमा पर हिरासत में लिए जाने का दावा किया है। सुंदरबन सामुद्रिक मत्स्यजीवी श्रमिक संघ के सचिव सतीनाथ पात्रा ने बताया कि दक्षिण 24 परगना जिले के अधिकारियों को नामखाना से मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं (ट्रॉलर) पर सवार होकर समुद्र में गए मछुआरों को हिरासत में लिए जाने के बारे में सूचित कर दिया गया है। मछुआरों को 13 जुलाई को हिरासत में लिया गया था।

### ड्रोन हमले के बाद इराकी तेल क्षेत्र में आग लगी




**बगदाद।** इराक के दुहोक प्रांत में एक तेल क्षेत्र पर मंगलवार को ड्रोन से हमला किया गया, जिससे उसमें आग लग गई। यह उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में तेल सुविधाओं पर हाल में किए गए इसी तरह के हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। किसी भी समूह ने इस हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। हमले में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और किसी के भी जख्मी होने की सूचना नहीं है। आपात प्रक्रिया दल आग पर काबू पाने की मशक्कत कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि विस्फोट के कारण की जांच की जा रही है तथा परिचालन स्थगित कर दिया गया है।

## अमेरिका की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रूस को धमकी

*ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन को जल्द से जल्द हथियार भेजे जाएंगे*

# 50 दिनों में यूक्रेन से शांति समझौता नहीं, तो लगाएंगे भारी भरकम टैरिफ





एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस 50 दिनों के भीतर यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करता है तो कड़े प्रतिबंध लगाएंगे। अमेरिका उसकी अर्थव्यवस्था पर 100% तक के भारी टैरिफ लगाएगा। ओवल ऑफिस में नाटो के महासचिव मार्क रूटे के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन को जल्द से जल्द हथियार भेजे जाएंगे।

ट्रंप ने कहा कि मैं राष्ट्रपति पुतिन से निराश हूं। मुझे लगा था कि दो महीने पहले हम समझौता कर लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ट्रंप ने यह भी कहा कि वे पुतिन के खेल में नहीं फंस रहे हैं। ट्रंप ने पुतिन को कठोर इंसान बताते हुए कहा कि उन्होंने क्लिंटन, बुश, ओबामा और बाइडेन को बेवकूफ बनाया, लेकिन मुझे बेवकूफ नहीं बना सकते।

### रूस पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने का भी ऐलान

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सेकेंडरी टैरिफ भी लगाने का ऐलान किया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि ये 'सेकेंडरी टैरिफ' रूस से तेल खरीदने वाले देशों को निशाना बनाएंगे, क्योंकि अमेरिका और रूस के बीच बहुत कम व्यापार है। इससे रूस की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ सकता है। नाटो के अमेरिकी राजदूत मैट व्हिटेकर ने कहा कि ये प्रतिबंध रूस को सीधेतौर पर निशाना नहीं बनाते, बल्कि उन देशों को प्रभावित करेंगे जो रूस से तेल खरीदते हैं। यह कदम रूस की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए उठाया गया है।*

### रूस नए प्रतिबंधों के लिए तैयारः लावरोव



**तियानजिन (चीन)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस और उसके व्यापारिक साझेदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की ट्रंप की चेतावनी को तवज्जो नहीं देते हुए मंगलवार को कहा कि मॉस्को नए प्रतिबंधों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद लावरोव ने कहा कि रूस पहले से ही 'अभूतपूर्व प्रतिबंधों' का सामना कर रहा है। उन्होंने किसी भी नए प्रतिबंध से निपटने की देश की क्षमता पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि हमारे विरुद्ध घोषित प्रतिबंधों की संख्या पहले ही काफी ज्यादा है। हम उनका सामना कर रहे हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम (संभावित अमेरिकी प्रतिबंधों का) सामना कर लेंगे। वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि हम किसी भी तरह के अल्टीमेटम को स्वीकार नहीं करते। रूस किसी तरह की धमकी या दबाव में नहीं झुकेगा। मास्को कूटनीतिक बातचीत को प्राथमिकता देगा, लेकिन उसे पश्चिम से 'लोहे जैसे ठोस आश्वासन' चाहिए, खासकर इस बात पर कि यूक्रेन नाटो का हिस्सा नहीं बनेगा। वहीं, क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि ट्रंप की टिप्पणी 'गंभीर' है और मास्को इसे विस्तार से समझने की कोशिश करेगा।

### नाटो के जरिए यूक्रेन को देंगे पैट्रियट मिसाइल

ट्रंप ने बताया कि रूस ने 2022 में यूक्रेन पर बिना उकसावे के हमला किया था और अब शांति वार्ता के बीच हमले तेज कर दिए हैं। ट्रंप और रूटे ने एक योजना पर चर्चा की, जिसमें अमेरिका नाटो सदस्य देशों को पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलें बेचेगा, जो बाद में यूक्रेन को दी जाएंगी। ट्रंप ने मीडिया से कहा कि हम नाटो सहयोगियों के साथ सौदा पूरा कर चुके हैं। हम ढेर सारे हथियार भेजेंगे और नाटो देश इनका 100 फीसदी भुगतान करेंगे। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने एक्स पर बताया कि उन्होंने ट्रंप से फोन पर बात की और नई सैन्य मदद और शांति प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम हरसंभव उत्पादक तरीके से शांति स्थापित करने के लिए तैयार हैं।



**सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी**

# मणिपुर में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के घाटी के पांच जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक साथ चलाए गए समन्वित अभियान में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए। पुलिस महानिरीक्षक (जोन-2) के. कबीब ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और बिष्णुपुर जिलों में अभियान चलाया। मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा कई स्थानों पर एक साथ समन्वित अभियान चलाया गया। बरामद हथियारों में 5 एके राइफल, 3 इंसास राइफल, 16 एसएलआर, 5 प्वॉइंट 303 राइफल, 19 पिस्तौलें, 2 कार्बाइन, 9 अन्य प्रकार की राइफल और 16 सिंगल बैरल बंदूक शामिल हैं। के. कबीब ने बताया कि कुल 86 हथियार, 974 विभिन्न प्रकार के ग्रेनेड, गोला-बारूद, विस्फोटक और मोर्टार के गोले बरामद किए गए। इसके अलावा 41 मैगजीन और 6 वायरलेस हैंडसेट भी बरामद किए गए।

### 5 उग्रवादियों समेत 7 लोग गिरफ्तार

मणिपुर में तीन प्रतिबंधित संगठनों के 5 उग्रवादियों सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सक्रिय सदस्य को सोमवार को थौबल जिले के लीरोंगथेल पित्रा से गिरफ्तार किया गया, जो कि थौबल जिले में वसूली और कैडर की सक्रिय भर्ती में शामिल था। कंगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (मियामगी फिंगंग लानमी) के दो उग्रवादियों को इंफाल पश्चिम जिले के थंगल बाजार से और कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के दो सक्रिय सदस्यों को रविवार को बिष्णुपुर जिले से गिरफ्तार किया गया। इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई चिंगामाखोंग क्षेत्र में सोमवार को एक व्यक्ति को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया, जिसके उसके पास से 7.65 मिमी की एक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए।

## एससीओ की बैठक से इतर रूस, ईरान के विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर




**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** चीन के तियानजिन में मंगलवार को हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने समूह के कई अन्य देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों के साथ मुलाकात की। जिसमें रूस और ईरान के विदेश मंत्री शामिल हैं। एक्स पर पोस्ट के जरिए एस. जयशंकर ने यह जानकारी दी और उसमें बताया कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई बैठक में द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक विकास की समीक्षा की गई। इसके अलावा ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची के साथ हुई मुलाकात को लेकर जयशंकर ने प्रसन्नता जाहिर की।

### ड्रोन हमले के बाद इराकी तेल क्षेत्र में आग लगी

**बगदाद।** इराक के दुहोक प्रांत में एक तेल क्षेत्र पर मंगलवार को ड्रोन से हमला किया गया, जिससे उसमें आग लग गई। यह उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में तेल सुविधाओं पर हाल में किए गए इसी तरह के हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है।

किसी भी समूह ने इस हमले की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। हमले में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और किसी के भी जख्मी होने की सूचना नहीं है। आपात प्रक्रिया दल आग पर काबू पाने की मशक्कत कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि विस्फोट के कारण की जांच की जा रही है तथा परिचालन स्थगित कर दिया गया है।




**उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में दर्दनाक हादसा, जीप खाई में गिरी**

# दो स्कूली बच्चों सहित 8 की मौत, 3 गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मंगलवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। मुवानी कस्बे से बोकटा जा रही मैक्स खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, शाम करीब पांच बजे जिला मुख्यालय से लगभग 52 किलोमीटर दूर यह हादसा हुआ है। जीप के खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई। 8 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से राहत-बचाव कार्य चलाया जा रहा है। घायलों को नदी से निकालकर सड़क तक पहुंचाने के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। सभी मृतक बोकटा के बताए जा रहे है। हादसे के बाद बोकटा गांव में कोहराम मचा हुआ है।



### सीएम धामी ने जताया दुख

*हादसे पर सीएम धामी ने भी दुख जताया। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि जनपद पिथौरागढ़ के मुवानी क्षेत्र में वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें।*

### डोडा में वाहन के खाई में गिरने से 5 की मौत



*जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। वाहन में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना डोडा शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई। सुबह करीब नौ बजे 'टेंपो ट्रैवलर' के चालक ने डोडा-भर्थ मार्ग के एक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद अशरफ (35), मंगता वानी (51), अत्ता मोहम्मद (33), तालिब हुसैन (35), रफीका बेगम (60) को डोडा स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बचावकर्मियों ने 17 लोगों को अस्पताल पहुंचाया और उनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पांच वर्षीय उज्मा जान को विशेष उपचार के लिए जम्मू स्थानांतरित किया गया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109